शनिवार, 12 अप्रैल 2025

मौसम

तापमान 34 – 26
आर्द्रता 81%
सूर्योदय: 5:19 सूर्यास्त: 17:55

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : याद रखना हर साथ देने वाला अपना नहीं होता।



हनुमान थे कुशल प्रबंधक, योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता

–पृष्ठ 2

# ‘परिवार का साथ, परिवार का विकास’

## प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष किया

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए लालायित लोग केवल अपने परिवार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि उनकी सरकार समावेशी विकास के विषय पर काम करती है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये की लागत की 44 परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ‘‘राष्ट्र की सेवा में हमारा मार्गदर्शक मंत्र हमेशा ’सबका साथ, सबका विकास’ रहा है। इसी भावना के साथ हम हर नागरिक के कल्याण के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।’’ उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, जो लोग सत्ता के भूखे हैं, वे दिन–रात राजनीतिक खेल खेलते हैं और वे लोग परिवार–केंद्रित विकास पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र में कहा, सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वाले लोग केवल अपने परिवार की उन्नति में रुचि रखते हैं।




उनका सिद्धांत ‘परिवार का साथ, परिवार का विकास’ है। भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह 50 वां काशी दौरा है। मोदी ने भोजपुरी में लोगों का अभिवादन करके अपने भाषण की शुरुआत की और दलित सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी तथा सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, आज सामाजिक चेतना के प्रतीक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारीशक्ति के हित, उनके आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए काम किया।’’ मोदी ने कहा कि आज हम उनके विचारों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित

### प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

करती है। उन्होंने कहा, महात्मा ज्योतिबा फुले जी जैसे त्यागी, तपस्वी, महापुरुषों की प्रेरणा से ही देशसेवा का हमारा मंत्र ‘सबका साथ–सबका विकास’ है। हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं, जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ–सबका विकास। अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए विकास के बारे विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज काशी स्वास्थ्य की राजधानी बन रही है। उन्होंने कहा, 10–11 साल पहले, पूरे पूर्वांचल में इलाज को लेकर जो परेशानियां थीं, वे भी हम सब जानते हैं। आज स्थितियां बिल्कुल अलग हैं। मेरी काशी अब आरोग्य की राजधानी भी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली–मुंबई के बड़े–बड़े अस्पताल आज आपके घर के पास आ गए हैं। यही तो विकास है, जहां सुविधाएं लोगों के पास आती हैं।’’ उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने सिर्फ अस्पतालों की गिनती नहीं बढ़ाई बल्कि हमने मरीज की गरिमा भी सुनिश्चित की है। उन्होंने सभा में मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, जब आपने हमें तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्य को निभाया है। मेरी गारंटी थी कि बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा। इसी का परिणाम है आयुष्मान वय वंदना योजना। यह योजना बुजुर्गों के इलाज और उनके सम्मान के लिए है।’’ मोदी ने कहा कि वाराणसी में करीब पचास हजार वय वंदना कार्ड यहां के बुजुर्गों तक पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई आंकड़ा नहीं है, यह तो एक सेवक का नम्र प्रयास है।

# बकाया बिल होने पर भी नहीं रोका जाएगा मृत शरीर

## निजी अस्पतालों पर राज्य सरकार लाएगी सख्त कानून

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब निजी अस्पतालों द्वारा बकाया बिल के कारण मृत मरीजों का शव रोकने पर रोक लगेगी। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य नियामक आयोग ने सख्त निर्देश दिए हैं। आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के मामलों पर अब सख्त कानून लागू किया जाएगा। हर साल राज्य स्वास्थ्य नियामक आयोग के पास कई शिकायतें आती थीं कि मरीज की मृत्यु के बाद भी अस्पताल पूरा बिल चुकता न होने पर शव पर रोक लगा देते हैं। अब आयोग ने साफ कर दिया है कि बकाया बिल वसूलने के लिए शव को रोके रखना अवैध होगा। आयोग के सचिव आर्शद वारसी ने कहा कि जब हम कई निजी अस्पतालों को बुलाते हैं, तो वे कहते हैं कि हमारा भी सोचिए, हमारा काफी पैसा बकाया है। लेकिन हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि शव के मामले में कोई भी बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। हाल ही में, बंगाल में प्रोग्रेसिव नर्सिंग होम एसोसिएशन के राज्य सम्मेलन में ऑल इंडिया नर्सिंग होम एसोसिएशन के चेयरमैन एच. एम. प्रसन्ना ने भी कहा कि बंगाल के नर्सिंग होम्स में सेवा भाव की कमी है। इस पर सवाल उठने लगे हैं कि क्या यही वजह है कि बड़ी संख्या में बंगाली मरीज इलाज के लिए दक्षिण भारत का रुख कर रहे हैं?आयोग के सचिव आर्शद वारसी ने इस ओर इशारा करते हुए कहा कि जब कोई मरणासन्न मरीज किसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती होता है, तो पहले ही दिन उस पर भारी संख्या में टेस्ट थोपे जाते हैं। जरूरी न होने पर भी एमआरआई, सीटी स्कैन जैसे जांच कराई जाती हैं। इससे पहले ही दिन मरीज का बिल 50 से 60 हजार रुपये तक पहुंच जाता है। यह सही नहीं है। इस नये नियम के बाद निजी अस्पतालों के प्रबंधन ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अगर नया कानून लागू होता है तो मरीजों के परिजन बकाया भुगतान से बचने की कोशिश करेंगे। हालांकि इस पर भी आयोग ने कहा है कि मरीज के अधिकारों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है।

# तमिलनाडु चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक ने भाजपा से हाथ मिलाया, पलानीस्वामी करेंगे नेतृत्व : शाह

**चेन्नई :** तमिलनाडु में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी एवं राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने शुक्रवार को गठबंधन की घोषणा की। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि प्रदेश में 2026 का विधानसभा चुनाव अन्नाद्रमुक अध्यक्ष एडप्पादि के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। अलग होने के करीब दो साल बाद दोनों पार्टियों के बीच फिर से गठबंधन होने पर शाह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य स्तर पर पलानीस्वामी का नेतृत्व होगा। शाह ने यहां पलानीस्वामी और प्रदेश भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ‘‘अन्नाद्रमुक एवं भाजपा ने अगला (साल) चुनाव (साथ) लड़ने का फैसला किया है...1998 से, अन्नाद्रमुक पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा रही है(अलग अलग समय पर)। प्रधानमंत्री मोदी और दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता ने केंद्र–राज्य संबंधों के लिए काम किया था।’’




### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने चार साल बाद पद छोड़ा

चार साल तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के बाद, अन्नामलाई शुक्रवार को राज्य के उन दस नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने प्रदेश में पार्टी नेतृत्व के लिए मौजूदा उपाध्यक्ष नयनार नागेंद्रन का नाम प्रस्तावित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर अन्नामलाई के लिए एक बड़ी भूमिका की परिकल्पना करती है।

### भाजपा–अन्नाद्रमुक गठबंधन तमिलनाडु में ‘भ्रष्ट’ द्रमुक को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के फैसले की सराहना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि ‘‘भ्रष्ट और विभाजनकारी’’ द्रमुक की सरकार को जल्द से जल्द उखाड़ फेंका जाए।


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
‘X’ Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


### सोना 6,250 रुपये उछलकर 96 हजार रुपये के पार

**नयी दिल्ली :** स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की भारी मांग के कारण शुक्रवार को दिल्ली में सोने की कीमतों में बड़ा उछाल दिखा। सोने का भाव 6,250 रुपये की तेजी के साथ 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ने से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ने से वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने से घरेलू कीमतों में तेजी आई। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# फिर जल उठा मुर्शिदाबाद का सुती क्षेत्र, भीड़ ने की बमबारी

### सरकारी वाहन फूंके, कई पुलिस कर्मी घायल

**मुर्शिदाबाद :** वक्फ कानून रद्द करने की मांग को लेकर मुर्शिदाबाद का सुती क्षेत्र में फिर हिंसा भड़क गई है। आरोप है कि भीड़ ने बमों से भी हमला किया। सरकारी वाहनों को आग के हवाले किया जा रहा है। पुलिस ने हालात काबू में लाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। खबर लिखे जाने तक स्थिति अब भी नियंत्रण से बाहर है। कई गाड़िया धूं–धूं कर जल रही हैं। इतना ही नहीं निमतीता स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन पर भीड़ ने पथराव किया और स्टेशन की संपत्ति में तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद दो ट्रेनों को रद्द कर



दिया गया है और पांच अन्य ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। सुती में भारतीय दंड संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है, लेकिन इसके बावजूद भीड़ इकट्ठा हो रही है। नेशनल हाईवे–12 को जाम कर दिया गया है और रेल सेवा भी ठप हो गई है।उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधित) कानून के विरोध में पिछले कुछ दिनों से मुर्शिदाबाद के कई इलाके उबल रहे हैं। जंगीपुर, सुती जैसे इलाकों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ सीधी झड़पें हो रही हैं। शुक्रवार को सुती और शमशेरगंज इलाकों में हजारों लोग जुलूसों में शामिल हुए। जुलूस साजू मोड़ इलाके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–12 को अवरुद्ध करने की कोशिश कर रहा था, तब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। आरोप है कि उस समय कुछ प्रदर्शनकारियों ने बम फेंके और पुलिस पर पथराव भी किया।

### सुखोई फाइटर जेट से ‘गौरव’ लॉन्ग–रेंज ग्लाइड बम का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली :** डीआरडीओ ने सुखोई विमान के माध्यम से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। गौरव 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है जिसे डीआरडीओ ने स्वदेशी तौर पर डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आठ से 10 अप्रैल तक किए गए परीक्षणों में लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाने में सफलता मिली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गौरव के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और संबंधित उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के ग्लाइड बम के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी।

# तहव्वुर राणा ने 26/11 की तरह अन्य भारतीय शहरों को निशाना बनाने की साजिश रची थी: एनआईए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कहा है कि आरोपी तहव्वुर राणा ने 26/11 के मुंबई हमलों की तरह ही कई अन्य भारतीय शहरों को भी निशाना बनाने के लिए साजिश रची थी। एक सूत्र के अनुसार, माना जा रहा है कि एनआईए ने विशेष न्यायाधीश से कहा, ‘‘उसकी (राणा की) लंबी हिरासत व्यापक पूछताछ के लिहाज से आवश्यक है, जिसका उद्देश्य साजिश की गहरी परतों को उजागर करना है। हमें संदेह है कि मुंबई हमलों में इस्तेमाल की गई चालों को अन्य शहरों में भी अंजाम देने की साजिश थी, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने यह जांच की कि क्या इसी तरह की साजिश कहीं और भी रची गई थी।’’

### चीन का अमेरिका को जवाब, आयात पर शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत किया

**बीजिंग :** चीन ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से सीमा शुल्क में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को अपना पलटवार जारी रखते हुए अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। इसके पहले अमेरिका ने चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि चीन ने सीमा शुल्क को लेकर छिड़े व्यापार गतिरोध को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत करने में भी दिलचस्पी दिखाई। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 125 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा, अगर अमेरिका इससे भी अधिक शुल्क लगाता है तो उसका आर्थिक रूप से कोई मतलब नहीं होगा और आखिरकार वह विश्व आर्थिक इतिहास में एक मजाक के रूप में दर्ज होगा। आयोग ने कहा, चीनी बाजार के लिए मौजूदा शुल्क स्तर पर अमेरिकी आयात को स्वीकार करना पहले से ही असंभव है। ऐसे में अगर अमेरिका हमारे उत्पादों पर और शुल्क लगाता है तो फिर चीन इसे अनदेखा कर देगा। इसके साथ ही सीमा शुल्क आयोग ने कहा कि अगर अमेरिका चीन के हितों को कमज़ोर करने में लगा रहता है तो चीन सख्त जवाबी कार्रवाई करेगा और आखिर तक लड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क शनिवार से प्रभावी होंगे। यह घोषणा चीनी आयात पर ’जवाबी शुल्क’ को 125 प्रतिशत तक बढ़ाने के अमेरिकी कदम के बाद की गई है।







# टैरिफ युद्ध में भारत के लिए अवसर

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं।

बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 अप्रैल, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 29:52 तक, नक्षत्र : हस्त, 18:03 तक, योग : व्याघात, 20:36 तक, सूर्योदय: 5:20, सूर्यास्त: 17:55, चन्द्रोदय : 17:27, चन्द्रास्त: 04:43, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 08:30 से 10:03

## राशिफल

**मेष :** आज कारोबार में नये अवसर मिल सकते हैं। योजनाओं को क्रियान्वित कर पाने में सफल रहेंगे। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। परिवार में सुकून का माहौल रहेगा।

**वृष :** आज घर के लिये नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। सरकारी कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो जायेंगे। प्रेम विवाह के योग हैं।

**मिथुन :** आज वैवाहिक सम्बन्धों में तनाव रहेगा। कार्यभार की अधिकता के कारण चिड़चिड़ापन महसूस करेंगे। किसी के साथ तनाव हो सकता है। माता के स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहें।

**कर्क :** आज जॉब के अवसर मिल सकते हैं। युवा जातक प्रेम विवाह को लेकर अपने-अपने परिवार में चर्चा कर सकते हैं। दूसरों के भरोसे कार्य न छोड़ें।

**सिंह :** आज अधिक धन खर्च हो सकता है। विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रगति करेंगे। खानपान की शुद्धता का पर्याप्त ध्यान रखें। अनियमित खानपान के कारण गैस की समस्या हो सकती है।

**कन्या :** आज धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। आपकी प्रबन्धन क्षमता की दूसरे लोग सराहना करेंगे। मित्रों से आपको मदद मिल सकती है। सन्तान के कार्यों पर आपको गर्व होगा।

**तुला :** आज पुराने विवाद फिर से उठ खड़े होने की सम्भावना है। बेमन से कोई काम न करें। क्रोध करने से बचना चाहिये। धन की कमी दूर होगी। आडंबर और दिखावे से हानि होगी।

**वृश्चिक :** आज नई टेक्नालॉजी सीखेंगे। जिससे काम करने में आपको आसानी होगी। बच्चे अपनी शिक्षा को लेकर सजग रहेंगे। थोक व्यापारियों शानदार लाभ मिलेगा।

**धनु :** आज करीबी लोगों से आपको शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं।युवाओं को नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आज का दिन आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर :** आज अजनबियों पर भरोसा न करें। काफी व्यस्तता के बावजूद आप परिवार के लिये समय निकाल लेंगे। सीने में जलन की समस्या हो सकती है। विवाहेतर सम्बन्धों से दिक्कत बढ़ेगी।

**कुम्भ :** आज व्यापारिक साझेदारों के साथ सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं। आज क्रोध में आकर प्रतिक्रिया न दें। उधार देने से बचना चाहिये। अधिक सोच-विचार में समय व्यर्थ न करें।

**मीन :** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार परिणाम मिलेंगे। विदेश यात्रा के अवसर प्राप्त होंगे। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से मेल मुलाकात होगी।

# हनुमान थे कुशल प्रबंधक, योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता



ललित गर्ग

**हनुमान जयन्ती पर विशेष**

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे, जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। वे साहस, भक्ति, और शक्ति के प्रतीक हैं, जो भगवान श्रीराम के परम भक्त और प्रिय हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकप्रियता प्रदान की है। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमानजी का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की, समर्पण की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है और जीवन-विकास का आयाम है।

प्रभु हनुमानजी की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे। हनुमानजी शक्तिशाली होने के बावजूद विनम्र थे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। वे ज्ञान और बुद्धि से भरपूर थे और हर कार्य को कुशलता एवं निपुणता से करते थे, चाहे वह समुद्र को पार करना हो या लंका को जलाना। हनुमानजी को चिरंजीवी माना जाता है, यानी वे अमर हैं, वे एक आदर्श ब्रह्मचारी थे। हनुमानजी के चेहरे पर कभी चिंता, निराशा या शोक नहीं दिखता था, वे हर हाल में मस्त रहते थे। हनुमानजी से मन, कर्म और वाणी पर संतुलन रखना सीखा जा सकता है। वे एक कुशल प्रबंधक थे और उनके जीवन से प्रबंधन के कई गुण सीखे जा सकते हैं। वे कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं, जिनसे आदर्श राजनीति के गुण सीखे जा सकते हैं।

रुद्रावतार हनुमानजी कुशल योजनाकार, कुशाग्र और दूरदर्शी थे। बालि से सताए सुग्रीव जंगल में छिपकर जीवन बिता रहे थे, इस बीच जब जंगल में हनुमानजी भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले तो उन्होंने भविष्य को भांप लिया और प्रभु श्रीराम एवं सुग्रीव की मित्रता कराई, जिससे दोनों को लाभ हुआ। हनुमानजी जो भी काम करते थे तन्मयता से करते थे। हनुमानजी ने सेना से लेकर समुद्र को पार करने तक जो कार्य कुशलता और बुद्धि परिचय दिया, वह प्रबंधन के गुणों को दर्शाता है। हनुमानजी अच्छे नेतृत्वकर्ता थे, उनकी कम्युनिकेशन स्किल अच्छी थी। उनमें कुशल राजनय के सभी गुण थे। इसलिए जब सीता का पता लगाने के लिए अनजान प्रदेश में किसी को भेजने की बात आई तो बजरंगबली को चुना गया। वहां न सिर्फ उन्होंने माता सीता का पता लगाया, आगे बढ़कर कम्युनिकेशन स्किल और डिप्लोमेसी के बल पर सीताजी को आश्वस्त किया और लंका में श्रीराम की सेना का खौफ भर दिया।



शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमानजी की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमानजी विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ हैं। वाल्मीकि रामायण में उनको महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब उन्होंने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमानजी नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल भावनात्मकता और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमानजी में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। हनुमानजी अदम्य साहसी थे और विपरीत परिस्थितियों से विचलित नहीं होते थे। रावण को सीख देते समय उनकी निर्भीकता, दृढ़ता, स्पष्टता और निश्चिंतता अप्रतिम है। जब समुद्र में रामनाम लिखा पत्थर डालना था तो हनुमानजी भी इस काम में जुट गए और इस समय उनमें उत्साह देखते ही बनता था। इससे पहले लंका में अशोक वाटिका के फल खाते वक्त भी उनकी मस्ती मंत्रमुग्ध करती है।

पंच देवों के तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवान् श्रीराम ने कहा था कि- 'सुनु कपि तोहि समान उपकारी, नहिं कोउ सुर नर मुनि तनु धारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी श्रीराम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। वे ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, लेकिन वे अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। हनुमानजी पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाते हैं और जन-जन के आराध्य देव हैं। बिना भेदभाव के सभी हनुमान अर्चना के अधिकारी हैं। अतुलनीय बलशाली होने के फलस्वरूप इन्हें बालाजी की संज्ञा दी गई है। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

# पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु 'अंजी खड्ड'

**नयी दिल्ली :** जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने फिर से एक नई कहानी को जन्म दिया है। ये कहानी एक पुल की है जो सिर्फ लोहे और केबल से नहीं, हिम्मत और हुनर से भी बना है। ये कहानी है भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज- अंजी खड्ड ब्रिज की जो जम्मू-कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच, अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह अद्भुत संरचना भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है।

यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ जैसी सभी सीमाओं को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है।

आकर्षक डिजाइन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया है जो नदी तल से 331 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि नीव से 193 मीटर ऊंचा एक मजबूत सेंट्रल पायलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है।

इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई



653 किलोमीटर है। 725 मीटर लम्बे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर बने इस ब्रिज से जम्मू-कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों लिए रोज़गार के नए अवसरो का सृजन होगा साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

पुल की कुल लंबाई: 725 मीटर
नदी के तल से ऊंचाई: 331 मीटर
सेंट्रल पायलन की ऊंचाई: 193 मीटर
केबल की संख्या: 96
केबल का कुल वजन: 849 मीट्रिक टन
केबल की कुल लंबाई: 653 किलोमीटर
निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल: 8,215 मीट्रिक टन

## तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान, अमेरिका के बीच ओमान में होगी बैठक

**मस्कट (ओमान) :** पश्चिम एशिया की भू-राजनीति के कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक बार फिर ओमान की राजधानी मस्कट में बैठक की जाएगी। तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर यहां ईरान और अमेरिका के बीच बैठक होगी। अमेरिका और ईरान के बीच तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं है, लेकिन दोनों देशों के लिए यह वार्ता मायने रखती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे। वहीं, ईरानी अधिकारियों का लगातार यह कहना रहा है कि वे अपने यूरेनियम भंडार को संवर्धित कर परमाणु आयुध बनाने की कोशिश कर सकते हैं। अमेरिका, ईरान के साथ बातचीत करने के लिए वर्षों से ओमान पर निर्भर रहा है, जिसमें बराक ओबामा के राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान हुई गुप्त वार्ता भी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप 2015 में ईरान ने विश्व शक्तियों के साथ परमाणु समझौता किया था।

# खुशी है कि 26/11 हमले के पीड़ितों के लिए न्याय का समय आ गया है: अमेरिकी विदेश मंत्री

**न्यूयॉर्क/ वॉशिंगटन :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका 26/11 मुंबई हमलों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लंबे समय से प्रयास करते आ रहे हैं और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के साथ ही वह दिन आ गया है। रूबियो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमने तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया है, ताकि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की साजिश में भूमिका के लिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। हम उन हमलों में जान गंवाने वाले छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत के साथ मिलकर लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि वह दिन आ गया है। इससे



पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि नवंबर 2008 में हुए आतंकवादी हमलों ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था और अमेरिका इनके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन करता रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका ने 64 वर्षीय राणा को "2008 के भयानक आतंकवादी हमलों के षड्यंत्र में उसकी भूमिका के कारण न्याय का सामना करने के लिए" नौ अप्रैल को भारत प्रत्यर्पित किया। उन्होंने कहा, "अमेरिका ने इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन किया है और जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है, अमेरिका और भारत आतंकवाद के वैश्विक संकट से निपटने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।" उन्होंने बताया कि राणा "भारत के कब्जे में है और हमें इस मामले में हुई प्रगति पर गर्व है।"

# हम भी 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी पहल पर विचार कर सकते हैं: स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी

**ब्रातिस्लावा :** स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि उनका देश भी ऐसी पहल पर विचार कर सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्लोवाकिया की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को नित्रा में एक पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पेलेग्रिनी को इस अभियान के बारे में बताया। नित्रा स्लोवाकिया का सबसे पुराना शहर और "सभी शहरों की जननी" माना जाता है। ब्रातिस्लावा से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित इस शहर में



'टाटा मोटर्स जेएलआर संयंत्र' है जो स्लोवाकिया में किसी भारतीय कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा निवेश है। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने संयंत्र का दौरा करने के बाद एक सार्वजनिक उद्यान में स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रीय वृक्ष लिंडेन का पौधा लगाया। नित्रा शहर के मेयर मारेक हट्टास भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान मुर्मू ने प्रधानमंत्री मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का जिक्र किया। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा, "उन्होंने (मुर्मू ने) स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति को इस पहल के बारे में बताया जिसके बाद उन्होंने (पेलेग्रिनी ने) कहा कि ... उन्हें यह बहुत दिलचस्प लगा। उन्होंने कहा कि स्लोवाकिया भी इस तरह की पहल करने पर विचार कर सकता है।"

## वर्ग पहेली नं. 3060

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | 28 | ■ | 29 | | | 30 | ■ | |
| | ■ | 31 | | | ■ | 32 | | | |

*बायें से दायें :-* 1) अपरिमित, 3) रोमांचित, 6) घूसख़ोर, 8) एक धातु, 9) धनुष की डोरी, 10) चमड़ा, 12) छूट, 15) अल्पभार, 17) शासन, 19) पुत्र, 20) उलटी, 23) अलावा, 24) किस समय, 26) अत्यधिक ठंडा, 27) शिक्षा, 29) राजदरबार, 31) साथ, 32) अपात्र.

*ऊपर से नीचे :-* 2) सेविका; नर्स, 3) पूर्वज, 4) एक भार मापएकक, 5) खलबली, 7) मग्न, 9) कोशिश, 11) एक पौधे की मसालेदार जड़, 13) पहरेदार, 14) चिंता; शत्रुत्व, 16) बुरी आदत, 18) पहरा, 21) मन ही मन कुढ़ना, 22) करुणाजनक, दुःखद, 23) एक तंतुवाद्य, 25) वरयात्रा, 28) बालों की हल्की रेखा, 30) बरछा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल्ला | ■ | दे | हा | व | सा | न | ■ | वि |
| ल | ■ | बा | र | ■ | ज | ■ | मी | च | ना |
| फ़ | रे | ब | ■ | मा | न | ना | ■ | ना | श |
| ना | ■ | र | ग | ■ | द | ल | न | ■ | का |
| मा | स | ■ | म | क्का | र | ■ | ट | प | री |
| ■ | त | बे | ला | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ |
| भा | त | ■ | ■ | सि | या | र | ■ | ला | मा |
| स्क | ■ | दू | षि | त | ■ | वा | स्ता | ■ | हौ |
| र | ह | ना | ■ | म | र्दा | ना | ■ | भू | ल |

## सुडोकू-पहेली-3020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 5 | 3 | | 8 | | | |
| | 3 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | | 4 | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 1 | | | | |
| | | | | 2 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3019 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |

# जंगीपुर के बाद वक्फ कानून को लेकर आमतला में तनाव, पुलिस कर्मियों पर हमला



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के आमतला इलाके में शुक्रवार को वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। जंगीपुर में हाल ही में हुए इसी तरह के प्रदर्शन के बाद आमतला में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने केवल एम्बुलेंस को जाने की अनुमति दी, जबकि अन्य सभी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई। प्रदर्शन के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की शुरू हो गई। प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की और वर्दीधारी जवानों पर हमला किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और हालात को काबू में किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस वाहन में तोड़फोड़ की गई वह डायमंड हार्बर जिले की नहीं, बल्कि बारुईपुर जिला पुलिस की थी, जो घटना स्थल से गुजर रही थी। पुलिस का कहना है कि घटना में कोई पुलिस कर्मी घायल नहीं हुआ है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रशासन ने इलाके में शांति बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

### आलिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने वक्फ अधिनियम के विरोध में निकाली रैली

शहर कोलकाता स्थित आलिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में रैली निकाली और कानून को वापस लेने की मांग की। रैली में शामिल लोगों ने पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधकों को पार करने के बाद पार्क सर्कस क्षेत्र में 'सेवन पॉइंट क्रॉसिंग' को भी कुछ समय के लिए अवरुद्ध कर दिया। अलिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने परिसर से मार्च निकाला और नारे लगाते हुए मांग की कि कानून वापस लिया जाए। एक छात्र ने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' की बात कर रही है, लेकिन एक समुदाय के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

### मुर्शिदाबाद, मालदह और आमतला में हिंसा के बीच राज्यपाल ने जारी किए सख्त निर्देश, हेल्पलाइन जारी

राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद व मालदह के अलावा उत्तर 24 परगना के आमतला सहित अन्य स्थानों पर हुई हिंसा व तनाव के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्यपाल ने अशांति के लिए जिम्मेदार उपद्रवियों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राजभवन के एक अधिकारी ने देर शाम इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अशांति की आशंका को देखते हुए राज्यपाल ने स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री के साथ भी फोन पर चर्चा की है। हालांकि, बातचीत का विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। राजभवन ने पुष्टि की है कि मुख्य सचिव से संपर्क किया गया था और आश्वासन दिया गया है कि पुलिस बलों को व्यवस्था बहाल करने और बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल वास्तविक समय के आधार पर हिंसा ग्रस्त व संवेदनशील क्षेत्रों में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। सार्वजनिक सहायता के लिए राजभवन में एक समर्पित हेल्पलाइन (033-22001641) के साथ-साथ एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो चौबीसों घंटे काम करेगा।

## 30 अप्रैल से राज्य में गर्मी की छुट्टियां, स्कूल-कॉलेज खुलने की तिथि पर असमंजस बरकरार




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में तेज गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी निर्देशिका के अनुसार, राज्य के सभी स्कूलों में 30 अप्रैल 2025 से अगली सूचना तक गर्मी की छुट्टियां लागू रहेंगी। यह निर्णय छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा परिषद और उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद को इस संबंध में औपचारिक सूचना भेज दी है। हालांकि, स्कूल और कॉलेज कब से पुनः खुलेंगे, इस बारे में अभी तक कोई अंतिम तिथि घोषित नहीं की गई है। जिससे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि गर्मी की छुट्टियों के कारण यदि पढ़ाई में कोई व्यवधान आता है, तो उसकी भरपाई स्कूल खुलने के बाद अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर की जाएगी।

## बक्सा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार की भूमिका पर जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बक्सा टाइगर रिजर्व के संरक्षित कोर क्षेत्र में अवैध निर्माण के आरोपों पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की अदालत में इस मामले पर सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार इच्छुक हो तो इस पर तत्काल कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोर क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण न हो। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बसु ने यह भी उल्लेख किया कि पहले अलीपुरद्वार के जिलाधिकारी ने अदालत को रिपोर्ट के माध्यम से सूचित किया था कि संबंधित क्षेत्र में कोई स्टोन-क्रशर यूनिट मौजूद नहीं



है। ऐसे में वहां हो रहे अवैध निर्माण की निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी भी जिलाधिकारी की बनती है। साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार से यह भी पूछा कि क्या संरक्षित क्षेत्रों में प्रवेश को लेकर कोई दिशा-निर्देश गाइडलाइन निर्धारित हैं और यदि हैं, तो उनका पालन कैसे किया जा रहा है। उन्होंने राज्य को इन बिंदुओं पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इस बीच, राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय की अनुपस्थिति पर भी अदालत ने असंतोष व्यक्त किया और कहा कि अगली सुनवाई में राज्य सरकार को अपना रुख स्पष्ट रूप से पेश करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई है। यह याचिका पर्यावरण कार्यकर्ता सुभाष दत्त ने दायर की थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सा के कोर एरिया में अवैध रूप से होमस्टे का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, होमस्टे पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि कोर क्षेत्र में फोटो खींचने तक के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। इस पर न्यायमूर्ति बसु ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्य अगली सुनवाई में स्पष्ट जवाब नहीं देता, तो अदालत को निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी करना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री की विश्व नवकार मंत्र दिवस पर ऐतिहासिक घोषणा, कोलकाता में बनेगा भगवान महावीर स्तंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीतो द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए अपने कोटे से कोलकाता में भगवान महावीर स्तंभ के निर्माण को मूर्तरूप देने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इस परियोजना को साकार करने हेतु दिनेश जैन गंगवाल, प्रदीप पटुआ, नरेंद्र बरड़िया, चंद्रेश मेघाणी, चारों संयोजकों के साथ वरिष्ठ समाजसेवी निर्मल बिंदायका ने संयुक्त रूप से कोलकाता नगर निगम के 70 नंबर वार्ड के पार्षद एवं एमएमआईसी असीम बोस की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय में बैठक की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त धवल जैन, डीजी



सिविल और बोरो 8 के सहायक अभियंता भी मौजूद थे। इस बैठक में प्रस्तावित स्थल को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसके उपरांत सभी सदस्यों ने उस स्थान का निरीक्षण किया। इसके बाद स्ट्रक्चरल इंजीनियर संजीव पारेख के कार्यालय में जाकर इस स्तंभ की डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया। भगवान महावीर स्तंभ का निर्माण अहिंसा भवन के सामने, 53 नंबर जस्टिस चंद्र माधव लेन पर स्थित एक प्रमुख स्थान पर किया जाएगा। यह स्थल न केवल अत्यंत उपयुक्त है, बल्कि इसे एक आध्यात्मिक चेतना केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाने की संभावना है। यह स्तंभ जैन धर्म की महान विरासत और नवकार मंत्र की शांति भावना का प्रतीक बनकर उभरेगा। साथ ही, यह समाज में सद्भाव, नैतिकता और आत्मिक शांति के संदेश को भी व्यापक रूप से प्रसारित करेगा। यह पहल शासन, प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयास का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरेगी, जो धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

### शहर में आज

- **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** विशेष सार्वजनिक संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, पाठ क्रमांक सख्या- 1935, सुबह 11 बजे से, स्थान- पाकुड़िया सालासर मंदिर प्रांगण, नेशनल हाइवे-6, जगदीशपुर- कोना मोड़, दिल्ली/मुम्बई रोड, 57नं. बस सटैन्ड के पास, हावड़ा।
- **श्री राम दरबार युवा मंडल (हिन्दमोटर) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान जन्मोत्सव, सायं 6.01 बजे से, स्थान- श्री भगवती जी चौधरी, सीधा अपार्टमेंट, 2 तल्ला, 146, सुकांता सरणी, श्री शंकर विद्यालय के सामने, हिन्द मोटर, हुगली।
- **गंगा सेवा समिति :** मां गंगा जी की आरती, सायं 6.30 बजे से, स्थान- मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूलकटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **श्री राणी सती जी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर :** बाबा रामदेवजी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान- 3, जगबंधु बोराल लेन, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सामने गली में, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **रजनी फाउंडेशन :** बाबा रामदेवजी की आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान- 28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट, तारा सुंदरी पार्क के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता।

### तारकेश्वर के लिए 'चैत्र संक्रांति एवं गाजनमेला' के अवसर पर चलेगी स्पेशल लोकल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा 'चैत्र संक्रांति' और 'गाजन मेला' के अवसर पर तारकेश्वर में संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन 13 अप्रैल, 14 अप्रैल और 15 अप्रैल 2025 को चलाई जाएंगी। इस विशेष सेवा के तहत अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दोपहर 14:45 बजे प्रस्थान करेगी और 16:14 बजे तारकेश्वर पहुंचेगी। वापसी में डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन तारकेश्वर से शाम 16:40 बजे रवाना होकर हावड़ा शाम 18:10 बजे पहुंचेगी। अप और डाउन दोनों ट्रेनों का शेउराफुली स्टेशन पर क्रमशः दोपहर 15:22 बजे और शाम 17:28 बजे दो मिनट का ठहराव होगा।

## महावीर जयंती पर कोलकाता जैन विद्यालय में भक्ति और संस्कार से सजा भव्य समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान महावीर स्वामी की 2623वीं जयंती के अवसर पर कोलकाता जैन विद्यालय में शुक्रवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त प्रयास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य को छात्रों तक पहुंचाना और उन्हें इन आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:30 बजे पारसमल कांकरिया सभागार में हुई, जहां बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का



संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुमिता कौशिक और अरविंद कुमार तिवारी ने किया। जिन्होंने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से आयोजन को दिशा दी और मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें छात्रों ने भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि विनोद मिन्नी ने अपने प्रेरणादायक भाषण में महावीर स्वामी के जीवन-दर्शन को सरल शब्दों में समझाया। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कांकरिया और सचिव मनोज बोथरा ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में न केवल धार्मिक चेतना बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य भी विकसित होते हैं। अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### वार्ड 42 में तृणमूल कांग्रेस ने निकाली विरोध रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आवाह्न पर हर जिला हर वार्ड में प्रतिवाद रैली जो कि बीजेपी और सीपीएम की गंदी राजनीति के शिकार हुए 26 हजार शिक्षकों का नौकरी रद्द करने के खिलाफ शुक्रवार को कोलकाता के वार्ड 42 में प्रतिवाद रैली की गई, जिसकी अध्यक्षता वार्ड 42 के तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक निगानिया ने किया। साथ में तृणमूल कार्यकता अनिल मिश्रा, श्याम जी मिश्रा, लल्लू मिश्रा, शिवशंकर दुबे, सुरेन्द्र सिंह,अमृत पाण्डेय, आबिद , देवदास पाल, हुसैन,दीपक सिंह, दिलीप सिंह, विजय शर्मा, जय राम चौधरी, सुरेन्द्र दुबे, राजू दुबे, आलोक सिंह, कृष्ण श्रीवास्तव, नवल मंडल उपस्थित थे।

### संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस के अटेंडेंट ने दिखाया ईमानदारी का अद्वितीय उदाहरण, लौटाया नोटों और गहनों से भरा बैग

**नई दिल्ली :** राजेंद्र नगर से पटना जा रही संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस में शुक्रवार को एक दिलचस्प और प्रेरणादायक घटना घटी, जब ट्रेन के अटेंडेंट रणधीर कुमार सिंह ने अपनी ईमानदारी का अनमोल उदाहरण पेश किया। ट्रेन के एक कोच में उन्हें एक लावारिस बैग मिला, जो नोटों और गहनों से भरा हुआ था। इस स्थिति में, जबकि किसी और का मन बहक सकता था, अटेंडेंट ने बिना किसी डर या संकोच के बैग की सूचना तुरंत ट्रेन के टीटीई को दी। टीटीई ने तत्परता दिखाते हुए कोच के चार्ट का अध्ययन किया और यात्रियों से संपर्क किया। जांच के बाद पता चला कि यह बैग मिर्जापुर के निवासी राजन पाठक का था, जो अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। राजन पाठक को जब यह खबर मिली तो वह आधे रास्ते से वापस स्टेशन लौटे और स्टेशन अधिकारियों से पूछताछ के बाद उन्हें बैग सौंप दिया गया। बैग में मौजूद कीमती सामान के बावजूद अटेंडेंट ने अपनी ईमानदारी से एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। विंध्याचल धाम के पुजारी राजन पाठक ने कोच अटेंडेंट की ईमानदारी की जमकर सराहना की और रेलवे को बेहतर सेवा के लिए धन्यवाद दिया।



## वेव्स 2025 : एक्सआर क्रिएटर हैकाथॉन में आईआईटी खड़गपुर के छात्रों ने मारी बाजी



**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी वेव्स 2025 के अंतर्गत आयोजित एक्सआर क्रिएटर हैकाथॉन में आईआईटी खड़गपुर के छात्रों की टीम 'एक्सआर रनर्स' ने शैक्षणिक परिवर्तन थीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है। टीम ने 'एडुस्केपएक्सआर' नामक अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य वर्चुअल रियलिटी के जरिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा को अधिक सुलभ, इंटरैक्टिव और प्रभावशाली बनाना है। टीम का नेतृत्व कर रहे वेदांत हाजरा, जो गणित और कंप्यूटर साइंस के स्नातक छात्र हैं, ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उन छात्रों के लिए विशेष रूप से मददगार है जो प्रयोगशाला संसाधनों की कमी से जूझते हैं। उन्होंने कहा कि एडुस्केपएक्सआर के जरिए छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हैंड-ट्रैकिंग तकनीक की सहायता से वर्चुअल रियलिटी में प्रयोग कर सकते हैं, जिससे उनकी व्यावहारिक समझ बेहतर होती है। एक्सआर क्रिएटर हैकाथॉन, वेव्स की एक अनूठी पहल है, जो भारत में एक्सटेंडेड रियलिटी क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। प्रतियोगिता के लिए पांच प्रमुख थीम निर्धारित किए गए थे, जिनमें पूरे भारतीय उपमहाद्वीप से 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रत्येक थीम में पांच विजेता टीमों का चयन किया गया। यह नवाचार आगामी 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई में आयोजित होने वाले वेव्स 2025 में एक बड़े मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## उत्तर-पूर्व रेलवे पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर-पूर्व रेलवे पर गोरखपुर और गोरखपुर कैंट स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन के लिए प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (3.5 किमी.) और कुश्मी-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जंक्शन तीसरी लाइन (14 किमी.) कार्य किया जाएगा। इसके चलते, 12 अप्रैल से 03 मई तक तथा 03 मई को सीआरएस निरीक्षण के कारण कुछ ट्रेनों के संचालन में बदलाव किए गए हैं।

इस अवधि में कुछ ट्रेनों को विभिन्न तारीखों में रद्द किया गया है, जिसमें 15048, 15050, 15052 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस, 15047, 15049, 15051 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस, 15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस, 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस, 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस, 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस, 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल, 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल, 18629 रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस और 18630 गोरखपुर-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस रद्द रहेंगी। वहीं, 11 अप्रैल को 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल और 14 अप्रैल को 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल, 15 अप्रैल से 2 मई तक 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस और 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया है।

इसके अलावा, 11 अप्रैल को 18629 रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस और 12 अप्रैल को 18630 गोरखपुर-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है।

## बंधन बैंक ने रामकृष्ण मिशन को सीएसआर के तहत 4 करोड़ का सहयोग दिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत रामकृष्ण मिशन को 4 करोड़ का योगदान दिया। यह राशि मानव उत्कृष्टता एवं सामाजिक विज्ञान केंद्र (सेंटर फॉर ह्यूमन एक्सलेंस एंड सोशल साइंसेज - विवेका तीर्थ) के निर्माण में सहयोग देने के लिए दी गई है। इस पहल का उद्देश्य कौशल विकास और शिक्षा को बढ़ावा देना है, जिससे सामाजिक उत्थान के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बेलूर मठ में रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के महासचिव, स्वामी सुवीरानंद को उक्त राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर मठ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति और बंधन बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, शिक्षा और कौशल विकास राष्ट्र निर्माण के प्रमुख स्तंभ हैं। हम लोगों को नई चीजें सीखने, आगे बढ़ने और समाज में सार्थक योगदान देने के अवसर प्रदान करने में विश्वास रखते हैं।

### न्यूज अपडेट

### जियोक्केस्ट - टेरे आर्मे का नया नाम, नवाचार और विकास के एक नए युग की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक भू-तकनीकी और मिट्टी-संरचना विशेषज्ञ टेरे आर्मे ने अपने रीब्रांडिंग की घोषणा की है और अब यह जियोक्केस्ट के नाम से जानी जाएगी। यह नाम परिवर्तन कंपनी की विशेषज्ञता, नवाचार और वैश्विक विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जियोक्केस्ट ने अपने पारंपरिक रीइन्फोर्स्ड अर्थ समाधानों से आगे बढ़ते हुए, जियोसिंथेटिक्स, उन्नत निर्माण सामग्री और भू-आपदा समाधान में भी विशेषज्ञता प्राप्त की है। कंपनी ने 2024 में 330 मिलियन से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त की, जिससे उसकी नेतृत्व की स्थिति और मजबूत हुई है। नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, जियोक्केस्ट अब उच्च गुणवत्ता और सतत समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी। जियोक्केस्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक सोमनाथ बिस्वास ने कहा, यह नाम परिवर्तन हमारी वैश्विक दृष्टि और नव-ाचार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

### सीएसआईआर-सीएमईआरआई ने ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर का किया अनावरण, स्थायी कृषि के लिए नया कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-केंद्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएमईआरआई) ने 9 अप्रैल 2025 को लुधियाना में ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर तकनीक का अनावरण किया। यह पहल भारत के स्वच्छ ऊर्जा अभियान के तहत स्थायी कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर आदर्श पाल विज थे, जबकि सीएसआईआर-सीएमईआरआई के निदेशक डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू ने तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया। ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर की नई तकनीकें किसानों के लिए ऊर्जा-सक्षम, लागत प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रदान करेंगी। सीएसआईआर-सीएमईआरआई के निदेशक डॉ. मुर्मू ने कहा, यह तकनीक पारंपरिक डीजल ट्रैक्टरों का स्थायी और प्रभावी विकल्प साबित होगी, जो भारतीय कृषि को एक नई दिशा देगी। यह कार्यक्रम स्वच्छ प्रौद्योगिकी के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है और किसानों के लिए एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की दिशा में है।

### भागलपुर और आनंद विहार के बीच चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन से मिलेंगी 1750 सीटें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने भागलपुर और आनंद विहार के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जिससे 1750 बर्थ उत्पन्न होंगी। यह समर स्पेशल ट्रेन यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने और उन्हें सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलायी जा रही है। इसके तहत, समर स्पेशल ट्रेन 04412 आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर 14, 16, और 18 अप्रैल 2025 को आनंद विहार टर्मिनल से 12:10 बजे चलेगी और अगले दिन 11:40 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 04411 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल ट्रेन 15, 17, और 19 अप्रैल 2025 को 14:30 बजे भागलपुर से चलेगी और अगले दिन 14:30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 15 स्टेशनों पर रुकते हुए चलेगी, जिसमें सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर जैसे स्टेशन शामिल हैं। इस ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास और स्लीपर क्लास की सीटें उपलब्ध होंगी।

## मालदह रेलवे अस्पताल में एक दिवसीय नवजात पुनर्जीवन कोर्स का सफलतापूर्वक आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह स्थित डिवीजनल रेलवे अस्पताल में 10 अप्रैल को भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी (आईएपी) के सहयोग से एक दिवसीय नवजात पुनर्जीवन प्रदाता (एनआरपी) कोर्स सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। यह कोर्स विशेष रूप से अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें स्क्वायर नर्सिंग होम की टीम ने भी भाग लिया। सत्र का आयोजन और अध्यक्षता मालदह के डिवीजनल रेलवे अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुपा घोष, ने की। उन्होंने नवजातों के जीवन रक्षार्थ समय पर और कुशल पुनर्जीवन की महत्वता पर जोर दिया और बताया कि यह नवजातों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए




आवश्यक है। वहीं, तीन अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञों की एक टीम डॉ. अभिजीत मिश्रा, डॉ. प्रियब्रता बिश्वास और डॉ. निलंजन मुखर्जी ने प्रशिक्षण प्रदान किया। यह पहल पूर्व रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो अपने चिकित्सा स्टाफ की पेशेवर क्षमताओं को मजबूत करने और बेहतर मरीज देखभाल और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है।

## सियालदह ईएमयू लोकल ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु एक और महिला कोच जोड़ा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल द्वारा उपनगरीय ईएमयू लोकल ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और ट्रेनों व स्टेशन परिसरों में यौन उत्पीड़न की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, ईएमयू सेवाओं में एक अतिरिक्त महिला कोच जोड़ा गया है। अब सभी ईएमयू रेक्स में कार्यालय समय के दौरान महिला यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए तीन लेडीज़ कोच उपलब्ध हैं। हाल ही में अशोकनगर और बारासात जैसे स्टेशनों से कुछ पुरुष दैनिक यात्रियों द्वारा लेडीज कोच की संख्या बढ़ने से सामान्य कोचों में कमी को लेकर असंतोष जताया गया। इस संबंध में मंडल ने स्पष्ट किया है कि कुल यात्रियों में लगभग 25% महिलाएं हैं और पिक ऑवर्स में महिला कोचों में अत्यधिक भीड़ देखी जाती थी, जिससे चढ़ने-उतरने में कठिनाई और दुर्घटनाएं हो रही थीं। अतः तीसरा कोच जोड़ना आवश्यक हो गया था। वर्तमान में




सियालदह स्टेशन के सभी 23 प्लेटफॉर्म 12 कोच की ईएमयू रेक को संभालने में सक्षम हैं। पहले 9 कोच की रेक में 2 महिला कोच होते थे, जबकि अब 12 कोच में से 3 महिला और 9 सामान्य कोच हैं, जिससे पुरुष यात्रियों की सुविधा भी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त, महिलाएं, विशेषकर रात्रिकालीन समय में, आरपीएफ की उपस्थिति के कारण महिला डिब्बों को प्राथमिकता देती हैं। इससे उनकी सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। सियालदह मंडल के डीआरएम दीपक निगम के नेतृत्व में भविष्य में 15 कोच की ईएमयू ट्रेनें चलाने हेतु अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# कानूनी परामर्श के बाद 22 लाख अभ्यर्थियों की डिजिटल ओएमआर शीट जारी कर सकेंगे : ब्रात्य बासु

## शिक्षा मंत्री और एसएससी चेयरमैन ने आंदोलनकारी शिक्षकों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) उचित कानूनी परामर्श के साथ 2016 की परीक्षा में शामिल हुए सभी 22 लाख अभ्यर्थियों की 'ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन' (ओएमआर) शीट की 'डिजिटल मिरर इमेज' प्रकाशित करने के लिए तैयार है। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बासु ने शुक्रवार को यह बात कही। इस दिन, आंदोलनकारी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद बसु ने कहा कि राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर सूची प्रकाशित करने की उम्मीद है। बासु ने कहा कि हालांकि, एसएससी के पास



संबंधित ओएमआर शीट की डिजिटल तस्वीरें नहीं हैं, लेकिन उसके पास उन शीट की प्रतियां हैं जिन्हें सीबीआई ने अपनी जांच के दौरान प्राप्त किया था और जिन्हें एजेंसी ने बाद में आयोग के साथ साझा किया था। उन्होंने कहा कि क्योंकि मामला उच्चतम न्यायालय के एक फैसले से संबंधित है जिसका हम उल्लंघन नहीं कर सकते, इसलिए हम एसएससी की वेबसाइट पर संबंधित ओएमआर शीट डालकर पात्र और दागी अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित करने के लिए कानूनी परामर्श ले रहे हैं। मंत्री ने कहा कि यदि कोई कानूनी बाधा नहीं आई तो हम दो सप्ताह के भीतर यह कार्य पूरा कर लेंगे। साथ ही, उन्होंने पुष्टि की कि प्रकाशन की संभावित समय सीमा 21 अप्रैल है।

# भाजपा राजनीतिक रूप से तृणमूल कांग्रेस का मुकाबला करे, लोगों को निशाना नहीं बनाए : साकेत गोखले

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसे लोगों को निशाना बनाने के बजाय राजनीतिक रूप से उनसे लड़ना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के निलंबन को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्र से सवाल पूछे जाने के एक दिन बाद आई है। इस दिन, गोखले ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पश्चिम बंगाल का 7,500 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि रोक रखी है।



उन्होंने कहा कि 2021 में बंगाल में भाजपा के विधानसभा चुनाव हारने के बाद, मोदी सरकार ने मनरेगा के तहत हमारे राज्य का 7500 करोड़ रुपये से अधिक बकाया रोक दिया है। शर्मनाक बात यह है कि बंगाल से भाजपा के 12 सांसदों और दो केंद्रीय मंत्रियों में से किसी ने भी केंद्र सरकार से यह बकाया राशि जारी करने के लिए नहीं कहा है। उन्होंने दावा किया कि यह धन उन गरीबों का है जिन्होंने काम किया है लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया है क्योंकि धनराशि रोक ली गई थी। गोखले ने दावा किया कि भाजपा ने बंगाल के लोगों को वंचित रखा है, क्योंकि वे हमारी नेता ममता बनर्जी को नहीं हरा सकते। गौर करने वाली बात यह है कि बंगाल में मनरेगा में एक भी अनियमितता (केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार) नहीं है। उन्होंने कहा कि अब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने माना है कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना गैरकानूनी है। भाजपा यह क्यों नहीं समझती कि बंगाल के लोगों को वंचित करने से वे केवल चुनाव हारेंगे? भाजपा बंगाल के लोगों को निशाना बनाने के बजाय हमसे सही ढंग से राजनीतिक लड़ाई क्यों नहीं लड़ सकती?

# लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अफसरों को नहीं बुला सकते राज्यपाल : शोभनदेव चट्टोपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** तमिलनाडु के बाद अब पश्चिम बंगाल में विधेयकों को रोके जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने विधेयकों को रोकने पर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस को घेरा है। संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि राज्यपाल के पास लंबित विधेयकों पर चर्चा के लिए अधिकारियों को बुलाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्यपाल के पास विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोके रखने का अधिकार नहीं है। अगर किसी विधेयक को लेकर कोई कानूनी चिंता है तो राज्यपाल सरकार को लिख सकते हैं। लेकिन, संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वह अधिकारियों को बुला



सकते हैं या चर्चा कर सकते हैं। मैंने संविधान को कई बार पढ़ा है। उल्लेखनीय है कि गत गुरुवार को राज्यपाल बोस ने कहा था कि उन्होंने अपने पास लंबित कुछ विधेयकों को मंजूरी देने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक करने की मांग की है। राजभवन ने कहा कि राज्यपाल ने 11 विधेयक राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजे हैं। उन्होंने कई अन्य विधेयकों पर राज्य सरकार से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, मगर उचित जवाब नहीं मिले हैं।

# प्रदर्शन के नाम पर सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा : शुभेंदु अधिकारी

## भाजपा नेता ने कहा... 'लोकतंत्र में विरोध के नाम पर हिंसा की कोई जगह नहीं'

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मुर्शिदाबाद जिले में सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को मनमाने ढंग से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार की रात एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राज्य में विरोध प्रदर्शन के नाम पर कट्टरपंथियों के एक खास समूह द्वारा बड़े पैमाने पर हिंसा, अव्यवस्था और अराजकता देखी जा रही है। इन लोगों ने साफ तौर पर कहा है कि वे भारत के संविधान के खिलाफ हैं और देश के कानून का विरोध करेंगे। इसलिए वे सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक और निजी



संपत्तियों को मनमाने ढंग से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आम लोगों की सुरक्षा से समझौता किया गया है क्योंकि वे कट्टरपंथियों की इन क्रूर भीड़ की दया पर हैं। प्रशासन ने मुर्शिदाबाद जिले में उत्पात को नियंत्रित करने के लिए अनिच्छा से बीएसएफ कर्मियों की तैनाती की मांग की है। आखिर उन्हें अन्य स्थानों पर केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करने से क्या रोक रहा है? उन्होंने कहा कि मैं राज्य के मुख्य सचिव और गृह विभाग के सचिव से अनुरोध करता हूं कि वे अहंकार छोड़कर केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपर्क करें और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार की सहायता मांगें, जो अब हाथ से निकलती जा रही है। मुर्शिदाबाद, दक्षिण और उत्तर 24 परगना, हुगली, मालदा, और बीरभूम जिलों के कई पुलिस स्टेशनों के अंतर्गत बड़े क्षेत्रों में अनुच्छेद 355 लागू करना अब आवश्यक हो गया है। शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक और पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र में विरोध के नाम पर हिंसा की कोई जगह नहीं है। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई समय की मांग है। वोट बैंक को खुश करने के लिए पश्चिम बंगाल को बंधक नहीं बनाया जा सकता।

### शुभेंदु अधिकारी ने किया मोथाबाड़ी का दौरा, हिंसा पीड़ितो को कानून पर रखें भरोसा रखने की सलाह दी



**मालदह :** विपक्ष के नेता व वरिष्ठ बीजेपी विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मालदह जिले के हिंसा-प्रभावित मोथाबाड़ी इलाके का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने दो समूहों के बीच हुई झड़पों से प्रभावित कुछ परिवारों से मुलाकात की। विपक्ष के नेता ने इस सिलसिले में कहा है कि प्रभावित स्थानों का दौरा करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को भेजे गए पत्र का कोई जवाब न मिलने के बाद उन्हें मोथाबाड़ी का दौरा करने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट की अनुमति लेनी पड़ी थी। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने प्रभावित परिवारों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि कानून पर भरोसा रखें। भाजपा नेता ने मार्च के अंतिम सप्ताह में हुई झड़पों से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता और अन्य राहत सामग्री भी दी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वह हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार कालियाचक 2 ब्लॉक में मोथाबाड़ी में कुल चार स्थानों का दौरा करेंगे। शुभेंदु अधिकारी ने प्रभावित परिवारों को हिंसा के संबंध में एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है।

# भ्रामक वायरल वीडियो से चांपदानी में तनाव, पुलिस की तत्परता से हालात नियंत्रण में

**हुगली, समाज्ञा :** सोशल मीडिया पर एक भ्रामक वीडियो वायरल होने के बाद चांपदानी इलाके में दो पक्षों के बीच तनाव फैल गया। देखते ही देखते हालात बिगड़ने लगे और कुछ दुकानों एवं घरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। बीएम रोड और जी.टी. रोड क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहे। घटना की सूचना मिलते ही चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी कमिश्नर अमित पी. जवालगी, डीसी (मुख्यालय) इशानी पाल, श्रीरामपुर थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती, भद्रेश्वर थाना प्रभारी आशीष दुलई, प्रवीर दत्त और मानदाता साव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए स्थिति पर त्वरित नियंत्रण पाया। जी.टी. रोड को खाली कराया गया



और उपद्रवियों को तितर-बितर किया गया। स्थिति की नजाकत को देखते हुए इलाके में इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। साथ ही, एहतियातन बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इस दौरान पुलिस के साथ हल्की धक्का-मुक्की की घटनाएं भी हुईं, लेकिन अधिकारियों की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। फिलहाल क्षेत्र में शांति बनी हुई है और लगातार पुलिस गश्त जारी है। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

# कई जिलों को हिंदू शून्य करने की साजिश रची जा रही है : दिलीप घोष



**मालदह :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने राज्य के कई इलाकों में रामनवमी पर मचे बवाल के बीच शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य के कई जिलों को हिंदू शून्य करने की साजिश रची जा रही है और बांग्लादेश से लोग सूबे में आकर उत्पात मचा रहे हैं। दिलीप घोष ने कहा कि रामनवमी से पहले मालदह, मुर्शिदाबाद के मोथाबाड़ी में लोगों को धमकाया जा रहा है और हमने इसी चीज के विरोध में रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी की मांगों पर विचार नहीं हुआ तो विरोध जारी रहेगा। मालदह में बीजेपी नेता दिलीप घोष ने कहा कि मालदह, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, नादिया, बीरभूम, हावड़ा जिलों को हिंदू शून्य करने की साजिश चल रही है। बांग्लादेश से लोग यहां आकर उत्पात कर रहे हैं। इसीलिए यहां हिंदू समुदाय पर बार-बार आक्रमण हो रहा है। रामनवमी से पहले मालदह, मुर्शिदाबाद के मोथाबाड़ी में लोगों को धमकाया जा रहा है। हमारी रैली इसके विरोध में और सरकार को सचेत करने के लिए थी। हमने यहां हिंदू समुदाय की हिम्मत बढ़ाने के लिए रैली निकाली थी। हम डीएम ऑफिस जाना चाहते थे, लेकिन वह पहले ही जा चुके थे। हमने अपनी बात रख दी है, और अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो विरोध जारी रहेगा।'

### मालदह में भाजपा के डीएम कार्यालय घेराव कार्यक्रम को लेकर तनाव

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) कार्यालय की भाजपा द्वारा घेराव को लेकर शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। भाजपा नेता दिलीप घोष ने राज्य की तृणमूल सरकार के खिलाफ नौकरी रद्द करने के मुद्दे सहित विभिन्न भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इस अभियान में शामिल हुए। इस दिन, भाजपा के कार्यक्रम को लेकर डीएम कार्यालय परिसर में काफी गहमागहमी रही। टाउन हॉल के सामने से शुरू हुई भाजपा की रैली डीएम कार्यालय पहुंचते ही माहौल गरमा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए पहले बैरिकेड को तोड़ दिया गया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस और रैफ को काफी मशक्कत करना पड़ा। बाद में, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दूसरे बैरिकेड पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया इस कार्यक्रम में दिलीप घोष के अलावा उत्तर मालदह के सांसद खगेन मुर्मू, इंग्लिश बाजार के विधायक श्रीरूपा मित्रा चौधरी और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### कसबा में प्रदर्शकारी शिक्षकों पर लाठीचार्ज की घटना की जांच का जिम्मा अब संजय सिंह के पास

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा में प्रदर्शनकारी को लात मारने के आरोप में घिरे एसआई रिटन दास को आखिरकार जांच अधिकारी (आईओ) के पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब एसआई संजय सिंह को कसबा कांड की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। लालबाजार सूत्रों के मुताबिक, संजय सिंह वर्तमान में कसबा थाना में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें अब पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। बता दें कि बीते बुधवार को कसबा डीआई कार्यालय के सामने नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन हो रहा था। उसी दौरान वायरल हुए एक वीडियो में देखा गया कि ड्यूटी पर तैनात एसआई रिटन दास ने एक आंदोलनकारी के पेट पर लात मारी थी। वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराया। इसके बावजूद शुरुआत में रिटन दास को ही इस घटना की जांच सौंपी गई थी, जिससे और भी सवाल उठने लगे थे। अब शुक्रवार को पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि रिटन दास को इस जिम्मेदारी से हटा दिया गया है और जांच अधिकारी बदल दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि आमतौर पर किसी घटना की जांच का जिम्मा वहां ड्यूटी पर तैनात अधिकारी को ही दिया जाता है। हालांकि, बलात्कार या पोक्सो जैसे संवेदनशील मामलों में वरिष्ठ अधिकारी किसी उपयुक्त जांच अधिकारी की सिफारिश करते हैं। इस बार दबाव और विवाद को देखते हुए जांच अधिकारी बदलने का फैसला किया गया है। सूत्रों ने ये भी बताया है कि सीधे तौर पर कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने इस मामले को लेकर हस्तक्षेप किया। उन्होंने संबंधित पुलिस उपयुक्त को तुरंत रिटर को जांच के जिम्मा से हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद संजय सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### दो नाबालिकों से यौन शोषण के आरोप में एक आरोपित गिरफ्तार, एक फरार



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि दो नाबालिक लड़कियों को एक कमरे में बंद कर उनके साथ यौन शोषण किया गया। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपित अभी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत गुरुवार की रात दोनों लड़कियां खेलने के लिए घर से निकली थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। लगभग एक घंटे बाद सरसुना के चंद्रपल्ली इलाके के एक मकान में दोनों लड़कियां मिलीं। पीड़िताओं ने बताया कि विश्वजीत उर्फ सुखेन और कालू नाम के दो युवकों ने उन्हें उस मकान में बंद कर दिया था और वहीं उनके साथ शारीरिक शोषण किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने सरसुना थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विश्वजीत उर्फ सुखेन को गिरफ्तार कर लिया। वह ठाकुरपुकुर के शशिभूषण रोड का निवासी है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा आठ और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, घटना के बाद से दूसरा आरोपित कालू फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शुक्रवार को विश्वजीत को अदालत में पेश किया गया है।

# केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करने तक चलेगा आंदोलन : संतोष सिंह

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर शहर तृणमूल युवा कांग्रेस और तृणमूल छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को एक विशाल धिक्कार रैली का आयोजन किया गया।



देने का वादा किया था, लेकिन अब वही सरकार जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। जीवन रक्षक दवाओं के दाम बढ़ाकर गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग का जीवन कठिन बना दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण राज्य में 26,000 शिक्षक अपनी नौकरी गंवा चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने योग्य शिक्षकों को आश्वस्त किया है। इसके विपरीत केंद्र सरकार 2014 से लगातार जनता को गुमराह कर रही है। संतोष सिंह कहा कि जब तक केंद्र की 'जनविरोधी और निरंकुश' सरकार सत्ता से बेदखल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

रैली की शुरुआत नेताजी स्टेच्यू मोड़ (वार्ड 27) से हुई, जो विभिन्न गली-मुहल्लों से होते हुए बेल्टिंग बाजार में समाप्त हुई। रैली में तृणमूल समर्थकों, छात्रों और महिला कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतें, जीवन रक्षक दवाओं की महंगी होती लागत और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, पिंटू नाग, तियासा मुखर्जी, पार्षद जयनाथ झा और शांतनु गांगुली समेत कई वरिष्ठ तृणमूल नेता रैली में मौजूद रहे। सीआईसी संतोष सिंह ने कहा कि देश में रोजगार की भारी कमी है। केंद्र सरकार ने युवाओं को रोजगार

# राजारहाट में बेटे पर मां की हत्या का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजारहाट इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला का रक्तरंजित शव उसके घर से बरामद किया गया। घटना राजारहाट के वैदिक विलेज आवास परिसर की है। मृतका की पहचान देवयानी मजूमदार (58) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके बेटे सौमिक मजूमदार को हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में पुलिस को संदेह है कि सौमिक ने ही अपनी मां की हत्या की है, हालांकि आरोपित ने इस आरोप से इनकार किया है। बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने देखा कि देवयानी मजूमदार अपने फ्लैट में रक्तरंजित फर्श पर पड़ी हुई हैं। पास में एक धारदार हथियार भी पड़ा था। सूचना मिलते ही राजारहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रेक्जोआनी अस्पताल



भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला के गले पर गहरे घाव के निशान हैं। शुरुआती जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या की गई। घटनास्थल से बरामद चाकू को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने देवयानी के बेटे सौमिक मजूमदार को गिरफ्तार किया है। हालांकि सौमिक ने खुद को निर्दोष बताया है। उसका कहना है कि मैंने मां को नहीं मारा। सुबह उठने पर मैंने उन्हें इस हालत में देखा। जानकारी के अनुसार, कुछ वर्ष पहले सौमिक ने अपनी नौकरी खो दी थी, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। मां-बेटे के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे। पुलिस का शक है कि इन्हीं विवादों के चलते सौमिक ने यह खौफनाक कदम उठाया होगा। हालांकि, पुलिस राजारहाट थाने में इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# तटरक्षक बल ने समुद्री क्षेत्र में तस्करी को विफल कर एक करोड़ मूल्य की सुपारी जब्त की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में उच्च समुद्री क्षेत्र में तस्करी के प्रयास को विफल कर अवैध गतिविधि में लिप्त एक मछली पकडऩे वाली भारतीय नौका (जहाज) से लगभग 450 बैग सुपारी की बड़ी खेप जब्त की है। कोलकाता में रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि सुपारी भरे प्रत्येक बैग का वजन लगभग 50-60 किलोग्राम है, जिसका कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये है। रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, गुरुवार सुबह बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की निगरानी के दौरान भारतीय तटरक्षक जहाज वरद ने संदिग्ध गतिविधि दिखने पर भारतीय नौका को तुरंत रोका और उसकी गहन तलाशी ली। अवैध सुपारी की



बड़ी खेप मिलने के बाद नौका को जब्त करने के साथ चालक दल को भी हिरासत में ले लिया गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि पकड़ी गई मछली पकडऩे वाली नौका जिसका नाम आइएफबी मां बसंती है, जिसका पंजीकरण संख्या आइएनडी-डब्ल्यूबी-डीएस-एमएम-10023 है, वह बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में मछली पकडऩे वाले बंदरगाह पर पंजीकृत है। अधिकारी के अनुसार, बिना किसी वैध पंजीकरण दस्तावेजों के यह चल रही थी। नौका पर सवार सभी 14 सदस्यीय चालक दल (सभी भारतीय) के पास भी कोई वैध बायोमेट्रिक कार्ड नहीं थे। समुद्र में पांच दिनों तक काम करने के बावजूद जहाज पर कोई मछली पकडऩे का सामान या कोई मछली नहीं मिली। जब्त नौका के साथ हिरासत में लिए गए चालक दल को आगे की विस्तृत जांच और कानूनी कार्यवाही के लिए पारादीप बंदरगाह ले जाया गया। बयान में कहा गया कि भारतीय तटरक्षक बल द्वारा समुद्र में निरंतर सतर्कता और चौकसी के माध्यम से यह सफल जब्ती व गिरफ्तारी देश के समुद्री हितों की सुरक्षा में दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। भारतीय तटरक्षक बल समुद्र में गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने, उनका पता लगाने और उन्हें बाधित करने के लिए चौबीसों घंटे निगरानी बनाए रखता है।

# नेताजी की स्मृति से जुड़ा सरला पुण्याश्रम कब्जा कर बहुमंजिली निर्माण का षड्यंत्र, पुलिस कर रही जांच

## राज्य महिला आयोग ने पुलिस से तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा इलाके में नेताजी सुभाषचंद्र बोस से जुड़े ऐतिहासिक 'सरला पुण्याश्रम' पर कब्जा कर उसे बहुमंजिली इमारत में बदलने की साजिश का आरोप सामने आया है। इस गंभीर शिकायत पर अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही, महिला आश्रम की निवासियों के साथ कथित मारपीट और उन्हें बेदखल करने के आरोपों की जांच के लिए राज्य महिला आयोग भी सक्रिय हो गया है। राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन लीना गांगुली ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। बताया गया है कि इस आश्रम की स्थापना नेताजी के शिक्षक बेनी माधव दास ने 1929 में की थी और बाद में स्वयं नेताजी के प्रयासों से इसके लिए जमीन आवंटित हुई थी। आश्रम की महिला निवासी शुक्ला नाग और छंदा कर ने आरोप लगाया है कि एक स्वयंसेवी संस्था ने प्रॉपर्टी प्रमोटरों के साथ मिलकर आश्रम की जमीन पर बहुमंजिली इमारत बनाने की योजना बनाई है। आरोप है कि एक फर्जी चार्टर्ड अकाउंटेंट ने झूठे दस्तावेज तैयार कर महिला निवासियों को जबरन निकालने की कोशिश की है। 'सरला पुण्याश्रम' संचालन समिति के अध्यक्ष विश्वजीत गुहा ने जानकारी दी कि इस पूरे मामले को लेकर न केवल राज्य महिला आयोग बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय को भी शिकायत सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कमजोर और असहाय महिलाओं को हटाने का प्रयास एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। 'सरला पुण्याश्रम' केवल एक साधारण संस्था नहीं है, बल्कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली अतीत का एक जीवित प्रतीक है। आश्रम का विकास नेताजी के प्रयासों से हुआ था, और आगे बिणा दास और कल्याणी देवी ने इसे और भी मजबूत बनाया। उल्लेखनीय है कि बिणा दास ने अंग्रेज गवर्नर स्टैनली जैक्सन पर गोली चलाकर आजादी के आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिजनौर में निर्माणाधीन दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक मजदूर की मौत

**बिजनौर :** बिजनौर जिले के किरतपुर थाना इलाके में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। किरतपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सुक्खा में विपिन के मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा था तभी दीवार गिर गई जिससे मजदूर सरफराज, समीर, उवेश और कासिम घायल हो गए। कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सरफराज ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और बाकी तीन घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

### मऊ में सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

**मऊ :** मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के एक गांव के पास सड़क दुर्घटना में कार सवार एक महिला की मौत हो गयी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घोसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दिनेश दत्त मिश्र ने बताया कि एक स्कॉर्पियो बनारस की तरफ जा रही थी। कोपागंज थाना क्षेत्र के काछीकला गांव के समाने मोड़ पर एक भारी टैंकर असंतुलित होकर स्कॉर्पियो पर पलट गया। घटना में स्कॉर्पियो सवार मां-बेटे बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें बुलडोजर और हाइड्रा मशीन की मदद से कार से बाहर निकाला गया और जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने मां गायत्री को मृत घोषित कर दिया। घायल बेटे प्रशांत पांडेय की गंभीर स्थिति को देखते हुए बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान छह सप्ताह की गर्भवती

**मेरठ :** मेरठ के बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में जेल में बंद उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी छह सप्ताह की गर्भवती पाई गयी है। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया, जिसमें यह पुष्टि हुई। जेल प्रशासन ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने शुक्रवार देर शाम 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मुस्कान का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था, जिसमें वह गर्भवती पाई गयी है। इसके बाद शुक्रवार को उसे मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग ले जाया गया, जहां अल्ट्रासाउंड में चार से छह सप्ताह की गर्भावस्था की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के परामर्श पर अब मुस्कान को गर्भवती बंदियों के अनुसार उपचार और देखभाल दी जाएगी। जेल अधीक्षक के अनुसार, शुक्रवार को लगभग पौने बारह बजे मुस्कान को जेल से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। फार्मासिस्ट के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। जांच के बाद दोपहर डेढ़ बजे मुस्कान को वापस जेल में दाखिल कराया गया।

### पुलिस ने पटना में राजद विधायक से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की

**पटना :** पुलिस ने शुक्रवार को पटना में जबरन वसूली के एक मामले की जांच के तहत विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल के विधायक रीतलाल यादव और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10 लाख रुपये से अधिक नकद, 77 लाख रुपये के चेक, छह खाली चेक, संपत्तियों की खरीद-बिक्री से संबंधित 14 दस्तावेज और 17 चेकबुक बरामद किए। एसएसपी अवकाश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पटना के एक बिल्डर की शिकायत के आधार पर यादव और पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दानापुर एवं राजधानी में 11 जगहों पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा,शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसे पिछले कई दिनों से आरोपी से जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी वाले फोन आ रहे थे। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने संपत्ति से जुड़े कुछ दस्तावेजों में जालसाजी की है। शिकायतकर्ता पटना के खगौल इलाके में एक अपार्टमेंट का निर्माण कर रहा है। बातचीत करते हुये पटना के पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) शरत आर एस ने कहा, प्राथमिकी दर्ज करने और सक्षम अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद, पुलिस ने जनप्रतिनिधि के दानापुर परिसर और उसके सहयोगियों से जुड़े स्थानों पर छापेमारी की ।

# काशी का कलेवर बदला, नई काशी देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला: आदित्यनाथ

**वाराणसी :** महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहली बार शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुए विकास से काशी का कलेवर बदल गया है और अब नई काशी और उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं आई हैं।'' उन्होंने कहा कि आज भी



प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न के रूप में वाराणसी की 'जीआई टैग' प्राप्त काष्ठकला के तहत निर्मित कमल छत्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा,''हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है।'' उन्होंने कहा,''दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां स्थित बाबा विश्वनाथ के पावन धाम के दर्शन किये। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी। उन्होंने का कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है।

### झारखंड के गढ़वा में दो नाबालिग और दो युवतियों की तालाब में डूबने से मौत

**गढ़वा (झारखंड) :** झारखंड के गढ़वा जिले में शुक्रवार को दो नाबालिग और दो युवतियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप-विभागीय अधिकारी (गढ़वा) संजय कुमार पांडेय ने बताया कि नाबालिग और युवतियां नहाने के लिए तालाब पर गई थीं, जिनमें से एक तालाब के गहरे हिस्से में चली गई। उन्होंने बताया कि उसे बचाने के प्रयास में अन्य नाबालिग और युवती भी तालाब में कूद गई और डूब जाने से उनकी मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को सूचना दी और बाद में शवों को तालाब से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि गढ़वा सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान 10 वर्षीय लाडो सिंह, मीठी सिंह (15), रोमा सिंह (18) और अंकिता सिंह (22) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### संभल हिंसा में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**संभल (उप्र) :** संभल पुलिस ने पिछले वर्ष हुई हिंसा के सिलसिले में एक और आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक इस मामले में अब तक 81 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। संभल पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार नखासा थाना क्षेत्र में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में संलिप्त एक युवक कामरान अकमल को गिरफ्तार किया गया है। बयान के अनुसार, ''अकमल ने पूछताछ में बताया कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हिंदू पुरा खेड़ा और नखासा चौराहा पर भीड़ इकट्ठा होने के दौरान ईंट पत्थर से उसने भी पथराव किया और पुलिस की गाड़ियों में आग लगाई। उसने यह भी कबूल किया कि पुलिसकर्मियों पर जान से मारने की नीयत से पत्थरबाजी की।'' पुलिस के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। संभल हिंसा के मामले में अब तक 81 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

### बागपत में युवक का शव अधजली हालत में मिला, हत्या के आरोप में दो महिला समेत चार लोग गिरफ्तार

**बागपत (उप्र) :** बागपत जिले के बड़ौत थाना पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने पांच दिन से लापता युवक का शव अधजली हालत में बरामद किया और इस मामले में दो महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ट्यौढ़ी निवासी सचिन शर्मा (30) के रूप में हुई है जो सात अप्रैल से लापता था। परिजनों की शिकायत पर नौ अप्रैल को बड़ौत थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था, जिसे बाद में हत्या में तब्दील कर दिया है। बड़ौत थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनोज कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि सचिन का अपने गांव की शादीशुदा महिला मीनाक्षी से प्रेम प्रसंग था जिस कारण महिला का अपने पति से विवाद हो गया और वह मायके में रहने लगी थी। कुमार के अनुसार, 'सचिन मीनाक्षी और उसकी बहन सुमन पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था जिसके चलते मीनाक्षी, सुमन, सुमन के पति वीरेंद्र और उसके मित्र शाहनवाज ने मिलकर हत्या की साजिश रची।'' एसएचओ ने बताया कि सात अप्रैल को सुमन ने सचिन को ग्राम सिसाना स्थित अपनी ससुराल बुलाया, जहां चारों ने डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद वीरेंद्र तथा शाहनवाज ने शव को सचिन की ही मोटरसाइकिल पर रखकर संतोषपुर श्मशान घाट ले जाकर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा और सचिन की जली हुई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

### उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बारिश, कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात तेज हवाएं चलीं और हल्की बारिश हुई। इसके साथ ही कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक सहारनपुर, मुरादाबाद और हापुड़ समेत कई इलाकों में 10 और 11 अप्रैल की दरमियानी रात को आकाशीय बिजली गिरी और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुरादाबाद में एक निजी विश्वविद्यालय के पांच छात्र आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गए। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. एमपी सिंह ने घटना का ब्योरा देते हुए बताया, ''बृहस्पतिवार रात को स्नातक के पांच छात्र अपने छात्रावास वापस जा रहे थे, तभी बारिश शुरू हो गयी। एक पेड़ के नीचे शरण लेने के दौरान छात्र आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।'' डॉ. सिंह ने बताया कि घायल छात्र फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक दिन के अधिकतम तापमान में औसतन लगभग पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम है। हालांकि, फतेहपुर और बांदा में राज्य में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्यभर में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ आकाशीय बिजली और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। पूर्वानुमान में अलग-अलग क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गयी है।

## उत्तर प्रदेश में 2027 में जिनकी सत्ता जाने वाली है, वे सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि 2027 में राज्य में जिनकी सत्ता का सूरज अस्त होने वाला है वो सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा,'2027 में जिनकी सत्ता का सूरज अस्त होने वाला है वो उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे हैं। जुमलाई-भाजपाई की बातों पर अब जनता खुद सवाल कर रही है।' यादव ने जनता की तरफ से सवाल उठाते हुए कहा, 'सूरज क्या आज देखा जो सोलर एनर्जी का ख्याल सत्ता में आठ साल रहने के बाद आया? जो सोलर प्लांट्स सपा सरकार में कन्नौज, उन्नाव, सीतापुर व अन्य जगह बने थे, उनकी देखरेख-उनके रखरखाव की कोई भी व्यवस्था क्यों नहीं की गई? सपा सरकार में बने लेकिन भाजपा सरकार में बंद पड़े सोलर प्लांट्स को चालू करने की क्या योजना बनी है और इसके लिए कितना बजट दिया गया है?' सपा प्रमुख ने कहा, 'क्या राजनीतिक फायदा उठाने के लिए नये सोलर प्लांट्स अपने लोगों को ही नहीं दिये जा रहे? क्या नये सोलर प्लांट्स लगाने के पीछे कमीशन या चंदा वसूली की भाजपाई चाल सक्रिय है? क्या गारंटी है कि इन नये सोलर प्लांट्स की भाजपा सरकार उपेक्षा नहीं करेगी?' उन्होंने हाल में एक सरकारी योजनाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित किये



गये भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक अधिकारी के संबंध में सवाल करते हुए कहा, 'क्या भाजपा सरकार ने उस अधिकारी के बारे में पहले से जांच-पड़ताल कर ली है जो अरबों-खरबों की इस महाघोटाला योजना को शुरू करवायेगा लेकिन पांच प्रतिशत एडवांस कमीशन नहीं मांगेगा या ये सब धंधा ऊपरी मिलीभगत से चुपके-चुपके हो रहा है।' उन्होंने कहा, ''सूरज ढलने से पहले आज ही भाजपा सरकार इसका उत्तर दे।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर एक समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गयी है।

# वाराणसी में सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी :** वाराणसी में पुलिस ने हाल में 19 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार तीन आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तारियों के साथ ही पुलिस ने मामले के 23 आरोपियों में से 12 को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने वाराणसी दौरे के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए कड़ा रुख अपनाया। वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरते ही उन्होंने पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस जघन्य अपराध के सभी दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री के निर्देश के कुछ देर बाद ही अधिकारियों ने तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी साझा की। इस बीच, छावनी क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विदुष सक्सेना ने शुक्रवार को कहा, ''कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कुल 23 आरोपियों में से 12 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी 11 नामजद और एक अन्य संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।'' इससे पहले पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर 11 नामजद और 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सक्सेना ने कहा कि अज्ञात में दर्ज 11 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नामजद आरोपियों की पहचान राज विश्वकर्मा, समीर, आयुष, सोहेल, दानिश, अनमोल, साजिद, जहीर, इमरान, जैब, अमन और राज खान के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के साथ 29 मार्च से चार अप्रैल के बीच कई जगहों पर 23 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिवार ने छह अप्रैल को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।



### प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों से सामूहिक बलात्कार मामले में सख्त कार्रवाई करने को कहा

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार की सुबह वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे और अपने संसदीय क्षेत्र में हुई सामूहिक बलात्कार की एक घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई। इस बयान में कहा गया है कि वाराणसी में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को पुलिस आयुक्त, संभागीय आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट ने शहर में हाल ही में हुई बलात्कार की घटना के बारे में जानकारी दी। बयान के अनुसार, 'प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।'

## बिहार में बिजली गिरने और ओलावृष्टि से मरने वालों की संख्या 61 हुई

**पटना :** बिहार में बिजली गिरने और ओलावृष्टि से 36 और लोगों की मौत होने के बाद इस तरह की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 61 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ओलावृष्टि और बारिश से जुड़ी घटनाओं में 39 लोगों की मौत हुई, जबकि बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने से 22 लोगों की मौत हुई। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को 25 लोगों की मौत हुई और विभिन्न जिलों से मिले आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या 61 हो गई। प्रदेश में इन घटनाओं में सबसे अधिक 23 लोगों की मौत नालंदा जिले में हुई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया, ''बिहार के कई जिलों में बृहस्पतिवार को बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण मरने वालों की संख्या 61 हो गई।'' इसमें कहा गया है, ''नालंदा जिले में सबसे अधिक 23 मौतें हुईं हैं, इसके बाद भोजपुर (छह), सीवान, गया, पटना और शेखपुरा (चार-चार), जमुई (तीन) और जहानाबाद (दो) हैं। गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, अरवल, दरभंगा, बेगूसराय, सहरसा, कटिहार, लखीसराय, नवादा और भागलपुर जिलों में एक-एक मौत हुई है।'' बिजली गिरने और आंधी-तूफान के कारण घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में हुयी मौतों पर शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। बुधवार को बिहार के चार जिलों में बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल फरवरी में बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा में पेश की गई नवीनतम बिहार आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में 2023 में बिजली/आंधी से संबंधित घटनाओं में 275 लोगों की मौत हुई।

# देश के अग्रणी राज्यों के बीच अपनी जगह सुरक्षित करेगा झारखंड : सोरेन

**साहिबगंज :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि उनका राज्य जल्द ही देश के प्रमुख प्रांतों के बीच अपनी जगह बनायेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ग्रामीण एवं राज्य-स्तरीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सोरेन ने साहिबगंज में सिद्धो-कान्हो जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''हमने राज्य की नींव को मजबूत किया है। अब, झारखंड न केवल तेजी से प्रगति करेगा, बल्कि देश के प्रमुख राज्यों के बीच अपनी जगह भी सुरक्षित करेगा।' इस कार्यक्रम में, सोरेन ने 213.79 करोड़ रुपये की 361 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और साहिबगंज जिले के लिए 223 करोड़ रुपये की 146 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। भाजपा पर हमला करते हुये सोरेन ने कहा, ''राज्य के गठन के 25 साल हो चुके हैं। जिनके पास इसकी समृद्धि सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने इसे गतिरोध के दलदल में धकेल दिया। आर्थिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश की अर्थव्यवस्था विभिन्न कारणों से कठिन चरण से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में भी, हम लोगों के कल्याण और राज्य के विकास के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं।



# बिहार चुनाव राजनीतिक तौर पर नीतीश कुमार का अंत साबित होगा: प्रशांत किशोर

**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव राजनीतिक तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अंत साबित होगा। किशोर ने यहां गांधी मैदान में आयोजित 'बिहार बदलाव रैली' में यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोगों को नीतीश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निराश किया है। हालांकि, किशोर लोगों की आमद को लेकर नाखुश दिखे और उन्होंने बमुश्किल 10 मिनट रैली को संबोधित करने का फैसला किया। उन्होंने प्रशासन पर राज्य के अन्य हिस्सों से आने वाले कम से कम दो लाख लोगों के शहर में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया। पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार के इशारे पर काम किया। उन्होंने कहा कि वह 74 वर्षीय नेता का राजनीतिक श्राद्ध करेंगे। किशोर ने कहा, आइए हम इस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। जंगलराज लेकर आए लालू प्रसाद ने बिहार के लोगों को निराश किया। वे (लोग) अब नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक नए प्रकार के नौकरशाही 'जंगल राज' से जूझ रहे हैं और नीतीश का समर्थन करने वाले (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी ने भी लोगों को निराश किया है।

## झारखंड के कुछ हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत

**हजारीबाग (झारखंड) :** झारखंड के हजारीबाग जिले में आकाशीय बिजली गिर जाने की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पदमा और चुरचू खंड में बृहस्पतिवार दोपहर को यह घटनाएं हुईं। उन्होंने बताया कि पदमा खंड में दो चचेरे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान शिवपूजन साव, अजय साव और सूरज कंडू के रूप में हुई है। ऐसा बताया जा रहा है कि वे एक खेत में मवेशी चरा रहे थे और एक झोपड़ी के नीचे खड़े थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चुरचू गांव में एक अन्य घटना हुई, जहां गंगो किस्कू नामक व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना के समय वह जंगल में लकड़ियां इकट्ठा कर रहा था। उन्होंने बताया कि चारों व्यक्तियों के शवों को बृहस्पतिवार शाम पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद पदमा और चुरचू के ग्रामीणों ने उपायुक्त नैन्सी सहाय से मुलाकात की और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। उपायुक्त ने उन्हें बताया कि जान-माल के नुकसान का आकलन करने के लिए अधिकारियों की एक टीम भेजी गई है तथा रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद सरकारी मानदंडों के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

# पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी

**पटना :** बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास की ओर बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शुक्रवार को पुलिस ने लाठियां भांजी और पानी की बौछारे छोड़ी। एक अधिकारी ने बताया कि कन्हैया कुमार समेत कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कांग्रेस ने ''पलायन रोको, नौकरी दो'' पद यात्रा के समापन पर शुक्रवार को रैली का आयोजन किया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीपीसीसी मुख्यालय सदाकत आश्रम से मार्च शुरू किया। यहां से करीब एक किलोमीटर दूर राजा पुल क्रॉसिंग पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगा रखे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन्हें लांघने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग किया। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 1, अणे मार्ग तक मार्च निकालने के बाद एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे। मुख्यमंत्री का आवास उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित है और यहां आम लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध है। कांग्रेस की छात्र और युवा शाखाओं द्वारा आयोजित ''पद-यात्रा'' को पार्टी की राज्य में खुद को मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सदाकत आश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री पायलट ने बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को ऐसा ''डबल इंजन बताया जो आगे नहीं बढ़ता, बल्कि सिर्फ धुआं छोड़ता है।'' उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राज्य के लिए लाभ सुनिश्चित करने में कथित रूप से विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह तब है जबकि भाजपा केंद्र की सत्ता के लिए जनता दल यूनाइटेड के समर्थन पर निर्भर है।



### जीणमाता मंदिर विवाद में दो अधिकारी समेत पांच पर गिरी गाज, मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खोला

**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ जीणमाता मंदिर विवाद मामले में शुक्रवार को न्यास और प्रशासन की बैठक के बाद मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया और दो अधिकारी तथा तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तीन अप्रैल को पुजारियों पर हुए हमले के विरोध में मंदिर न्यास ने शुक्रवार से श्री जीणमाता मंदिर दर्शनार्थियों के वास्ते अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा की थी। प्रशासन और न्यास की बैठक में मांगों को माने जाने के बाद मंदिर श्रद्धालुओं के लिए पुन: खोल दिया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रतन कुमार ने बताया कि मामले में पटवारी राजेश कुमार और एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र सिंह को पदस्थापन आदेश की प्रतीक्षा में (एपीओ) रखा गया है और तीन पुलिस कांस्टेबल महेंद्र कुमार, मनोज कुमार और रडमल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## लखनऊ बनाम गुजरात: पूरन और सिराज में दिख सकता है दिलचस्प मुकाबला



**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस तेज गेंदबाज ने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट दर्ज हैं। उनका इकोनॉमी रेट भी 7.70 है। सिराज पर पावर प्ले में बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होगा तथा सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्क्रम और मिशेल मार्श को भी उन्हें खेलते समय सावधान रहना होगा। टाइटंस को व्यक्तिगत कारण से स्वदेश लौटने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की अभी तक कोई खास कमी नहीं खली है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सिराज का अच्छी तरह से साथ दिया है। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर अपने शानदार प्रदर्शन से टीम के मुख्य स्पिनर राशिद खान पर भी हावी हो गए हैं। राशिद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी करके लय हासिल करने के संकेत दिए थे। अगर वह अपना यह प्रदर्शन जारी रखते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल पैदा हो सकती है। दोनों टीमों के लिए अपने कप्तान की फॉर्म चिंता का विषय होगी। शुभमन गिल और ऋषभ पंत दोनों कुशल बल्लेबाज हैं लेकिन आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी छाप छोड़ने में अभी तक नाकाम रहे हैं।

## आडवाणी डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में

**कारलो (आयरलैंड) :** कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी हमवतन श्रीकृष्णा सूरी को बृहस्पतिवार को 7 . 5 से हराकर डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्डस चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। 28 बार विश्व बिलियर्डस और स्नूकर चैम्पियन रह चुके आडवाणी ने 100–0, 100–0, 100–6, 47–100, 100–4, 64–100, 81–100, 100–11, 12–100, 8–100, 100–7, 100–0 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना बेस्ट आफ 15 फाइनल में इंग्लैंड के डेविड काउसियेर से होगा। डेविड ने सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को 7 . 2 से हराया।

# आल राउंडर नारायण चमके, केकेआर आठ विकेट से जीता, सीएसके की लगातार पांचवीं हार



**चेन्नई :** केकेआर ने सुनील नरेन के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर सीएसके को आठ विकेट से हराया। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और नरेन की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सीएसके को 20 ओवर में नौ विकेट पर 103 रन पर रोक दिया। जवाब में नरेन ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया और 18 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 44 रन बनाए जिसकी मदद से केकेआर ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। सीएसके के लिए अंशुल कंबोज और नूर अहमद को एक–एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर को क्विंटन डिकॉक और नरेन ने अच्छी शुरुआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों ने 25 गेंदों पर 46 रन जोड़े। हालांकि, कंबोज ने डिकॉक को बोल्ड कर केकेआर को पहला झटका दिया जो 16 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नरेन ने आक्रामक पारी खेली और देखते ही देखते केकेआर का स्कोर 85 रन पहुंच गया। नरेन अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन नूर की गेंद पर वह बोल्ड हो गए। केकेआर ने इसके बाद रिंकू सिंह को पवेलियन भेजा जिन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। आईपीएल में यह पहली बार है जब सीएसके ने लगातार पांच मुकाबले गंवाए हैं। इतना ही वह पहली बार अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर लगातार तीसरा मैच हारी है। केकेआर ने 100 से अधिक रनों का लक्ष्य महज 61 गेंदों पर पूरा किया जो आईपीएल में तीसरा सबसे तेजी से हासिल किया गया 100+ लक्ष्य है। केकेआर के लिए रहाणे 17 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 20 रन और रिंकू सिंह 12 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## भारत ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगाई, छह अन्य देशों से होगा मुकाबला

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने महाद्वीप के शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए दिलचस्पी का प्रस्ताव (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) पेश किया है। सात देशों की फुटबॉल संस्थाओं ने 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (ईओआई) पेश किया था जिसमें एआईएफएफ भी शामिल है। ईओआई की समयसीमा 31 मार्च तक थी। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने पीटीआई से कहा, 'हां, हमने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए ईओआई पेश किया है। देखते हैं क्या होता है।' टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे मजबूत फुटबॉल संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी ईओआई पेश किया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। मेजबान देश का चयन 2026 में किया जाएगा जिसे टूर्नामेंट में स्वत: प्रवेश मिल जाएगा। यह प्रतियोगिता 1956 में शुरू हुई थी। भारत 1964 चरण में उपविजेता रहा था और इसके बाद 1984, 2011, 2019 और 2023 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। बोली लगाने वाले सात देशों में से ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया और कुवैत पहले इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुके हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष शेख सलमान ने 35वीं एएफसी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर 'आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक संख्या में ईओआई मिलने की सराहना की'।

## हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली, क्यूरेटर से बात करनी होगी: दिनेश कार्तिक



बेंगलुरु : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मेंटर (मार्गदर्शक) दिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं और उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा। आरसीबी के बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए। कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलना चाहिए था। यहां की पिच पर अमूमन बड़े स्कोर बनते रहे हैं। कार्तिक ने दिल्ली के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पहले दो मैच में हमने अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा था लेकिन हमें इस तरह की पिच मिली जिस पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। इसलिए हमने परिस्थितियों के अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन हमें उनसे (क्यूरेटर) बात करनी होगी। हमें पूरा भरोसा है कि वह अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए निश्चित तौर पर यहां ऐसी पिच नहीं थी जिसे बल्लेबाजों को खास मदद मिल रही हो। यह चुनौतीपूर्ण पिच थी। अभी तक यहां खेले गए दोनों मैच में हमें एक जैसी पिच ही मिली है।' कार्तिक ने कहा कि टी20 क्रिकेट में लंबे शॉट तथा चौके छक्के काफी मायने रखते हैं और सभी हितधारक ऐसा चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट की प्रकृति ऐसी है कि इसमें जितने अधिक रन बनेंगे उतना प्रसारक को फायदा होगा और प्रशंसकों को भी खुशी होगी। वे

## न्यूज अपडेट

### इंग्लैंड के महान क्रिकेटर एंडरसन को नाइटहुड उपाधि



**लंदन :** इंग्लैंड के महान क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की इस्तीफा सम्मान सूची में नाइटहुड की उपाधि प्रदान की गई है। एंडरसन ने जुलाई में टेस्ट क्रिकेट से विदा ली थी। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। ब्रिटिश सरकार के अनुसार एंडरसन को क्रिकेट की सेवा के लिये यह उपाधि प्रदान की गई है। क्रिकेट के मुरीद सुनक ने पिछले साल एक नेट सत्र का वीडियो साझा किया था जिसमें वह एंडरसन और इंग्लैंड के बाकी खिलाड़ियों के साथ खेल रहे थे। सुनक 2022 से 2024 तक कन्जरवेटिव पार्टी के नेता थे। एंडरसन के नाम 704 टेस्ट विकेट हैं। उनसे अधिक विकेट शेन वॉर्न (708) और मुथैया मुरलीधरन (800) ने लिये हैं लेकिन दोनों स्पिनर हैं।

### ईस्ट बंगाल ने मौजूदा चैंपियन ओडिशा एफसी को हराकर अपना पहला आईडब्ल्यूएल खिताब जीता

कल्याणी (पश्चिम बंगाल) : ईस्ट बंगाल की टीम ने भारतीय फुटबॉल में 21 साल बाद शुक्रवार को यहां लीग खिताब अपने नाम किया जब क्लब की महिला टीम ने गत चैंपियन ओडिशा एफसी पर 1–0 की जीत के साथ इंडियन वुमैन्स लीग ट्रॉफी पर कब्जा किया। ईस्ट बंगाल के लिए सौम्या गुगुलोथ ने 67वें मिनट में विजयी गोल किया। इस हार के साथ ओडिशा एफसी रेलीगेशन की कगार पर खड़ा है और अब केवल एक मैच बचा है इसलिए उनका भाग्य उनके हाथ में नहीं है। ईस्ट बंगाल ने आखिरी बार 'नेशनल फुटबॉल लीग' जीती थी जो आई लीग से पहले खेली जाती थी। ईस्ट बंगाल की पुरुष टीम ने 2003–04 सत्र में ट्रॉफी उठाई थी। पिछले कुछ वर्षों में पुरुष टीम ने अन्य राष्ट्रीय खिताब या तो नॉक–आउट या लीग–कम–नॉक–आउट टूर्नामेंट में जीते हैं। पुरुष टीम ने 2003 में आसियान क्लब चैंपियनशिप भी जीती थी। महिलाओं की शीर्ष डिवीजन के तीसरे सत्र में ईस्ट बंगाल ने सभी चुनौतियों को आसानी से पार कर लिया। टीम ने इस सत्र में गोकुलम केरला को छोड़कर सभी टीमों को हराया है।

### पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर एक साल का प्रतिबंध लगाया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था। बॉश ने पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलने को प्राथमिकता दी जिसके बाद पीसीबी ने उन पर अनुबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी नोटिस जारी किया था। इस साल आईपीएल और पीएसएल का आयोजन लगभग एक साथ हो रहा है। पीसीबी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, 'इस ऑलराउंडर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है और वह अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने के लिए चयन का पात्र नहीं होगा।''



## न्यूज इन ब्रीफ

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 58 पैसे उछलकर 86.10 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 58 पैसे के उछाल के साथ 86.10 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल के कारण रुपये में मजबूती आई। रुपये में तेजी का कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नौ जुलाई तक भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को निलंबित रखना है जिसके अगले दिन रुपये में यह तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 46 पैसे उछलकर 86.22 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 85.95 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 86.10 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 58 पैसे का उछाल दर्शाता है।

### बांग्लादेश से पारगमन माल 2024-25 में 46 प्रतिशत बढ़ा, नौ अप्रैल से सुविधा बंद

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित पेट्रापोल भूमि बंदरगाह पर भारत के रास्ते दोबारा निर्यात के लिए बांग्लादेश से भेजा जाने वाला पारगमन माल वित्त वर्ष 2023–24 और 2024–25 के दौरान 46 प्रतिशत बढ़ गया। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के पारगमन सुविधा रद्द करने वाले फैसले के बाद बांग्लादेश का पारगमन माल से लदा कोई भी ट्रक नौ अप्रैल से पेट्रापोल सीमा से नहीं आया है। पेट्रापोल क्लियरिंग एजेंट्स स्टाफ वेल्फेयर एसोसिएशन (पीसीएएसडब्ल्यूए) की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023–24 में 2,357.27 करोड़ रुपये मूल्य की 4,733 खेप ले जाने वाले 3,473 ट्रक पेट्रापोल के रास्ते बांग्लादेश से भारतीय सीमा में पहुंचे थे। वित्त वर्ष 2024–25 में 4,861 ट्रकों ने 3,446.66 करोड़ रुपये मूल्य की 7,772 खेपों का परिवहन किया। यह उससे पहले के साल की तुलना में ट्रक आवाजाही में 36 प्रतिशत और माल के मूल्य में 46 प्रतिशत की उछाल को दर्शाता है।

# अमेरिकी शुल्क टाले जाने से शेयर बाजारों में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1310 अंक उछला

**तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.85 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

**मुंबई :** भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाए उच्च सीमा शुल्क को तीन महीनों के लिए टालने के अमेरिकी सरकार के फैसले से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त तेजी रही। सेंसेक्स 1,310 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 429 अंकों की छलांग लगाई। भारतीय बाजार में तेजी इस लिहाज से खास रही कि इसने दुनिया भर के बाजारों में व्याप्त गिरावट के रुख के उलट तेजी का रुझान दिखाया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने से वैश्विक बाजारों में नकारात्मक धारणा हावी रही। स्थानीय स्तर पर जबर्दस्त लिवाली होने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,310.11 अंक यानी 1.77 प्रतिशत उछलकर



75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,620.18 अंक बढ़कर 75,467.33 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 524.75 अंक बढ़कर 22,923.90 पर पहुंच गया था। घरेलू बाजार में आई तेजी के बीच सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.91 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एचडीएफसी बैंक 2.33 प्रतिशत बढ़त पर रहा। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जवाबी शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगा दिए जाने से बाजार को राहत मिली है। हालांकि टीसीएस के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों से कम रहे, लेकिन ऑर्डर बुक बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में स्थिति सुधरने की उम्मीद है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.59 अरब डॉलर बढ़कर 665.39 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार पांचवां सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार–चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.1 अरब डॉलर बढ़कर 574.09 अरब डॉलर हो गईं।

## चीन पर उच्च शुल्क से कुछ भारतीय उत्पादों के पास अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका : जीटीआरआई

नयी दिल्ली : अमेरिका के चीन पर 125 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने से कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों के भारतीय उत्पादों को अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिल सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, लाभ अल्पकालिक हो सकते हैं, जब तक कि भारत अपने निर्यात परिवेश को मजबूत करने, अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और अमेरिकी खरीदारों के साथ संबंध बनाने के लिए इस अवसर का सक्रिय रूप से फायदा नहीं उठाता। इसने सुझाव दिया कि सरकार ब्याज समकारी योजना को पुनः लागू करे, ताकि छोटी कंपनियों को सस्ता कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाए और सीमा शुल्क के जरिये निर्यात में तेजी लाई जा सके। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नए कार्यकारी आदेश में उल्लिखित देश–विशिष्ट शुल्क को 90 दिन के लिए टालना भारतीय निर्यातकों के लिए अवसर प्रदान करता है। चीनी वस्तुओं पर अब 125 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगेगा, जबकि भारत से आयात पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त मूल शुल्क लगेगा। उन्होंने कहा, '' इस अस्थायी राहत से भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिल सकती है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां भारत चीन के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करता है, जैसे कपड़ा, चमड़े का सामान, इंजीनियरिंग से जुड़ी चीजें और इलेक्ट्रॉनिक। इन क्षेत्रों में भारत की चीन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा है।' उन्होंने भारतीय निर्यातकों से कहा कि वे नए अमेरिकी कार्यकारी आदेश और सीमा शुल्क दिशानिर्देशों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें, ताकि यह समझा जा सके कि किन उत्पादों पर नए शुल्क लगेंगे और किन पर छूट होगी तथा इसकी समय–सीमा क्या होगी।

## अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते महत्वपूर्ण, भारत तत्परता से कर रहा काम : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते महत्वपूर्ण हैं और भारत इस पर बहुत तत्परता से काम कर रहा है। इसके साथ ही जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर रखे गए प्रस्ताव पर ट्रंप प्रशासन ने तेजी से प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने यहां आयोजित 'वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन' के एक संवाद सत्र में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के अपने दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल दिया है और इसका प्रत्येक प्रमुख क्षेत्रों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में असर है। जयशंकर की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुल्क पर ट्रंप की नीति ने बड़े पैमाने पर व्यापार व्यवधानों और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाओं को जन्म दिया है। ट्रंप ने चीन को छोड़कर सभी देशों पर शुल्क लगाने के अपने फैसले को 90 दिनों के लिए टालने की घोषणा कर दी है। इससे व्यापार गतिरोध



में तात्कालिक राहत मिलने की उम्मीद है। जयशंकर ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत का कोई ब्योरा न देते हुए संकेत दिया कि भारत इसे जल्द–से–जल्द तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाने को उत्सुक है। मंत्री ने कहा, ''अमेरिका में सरकार बदलने के एक महीने के भीतर ही हमने द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने को लेकर वैचारिक रूप से एक समझौता कर लिया है। हम एक ऐसा समाधान खोजेंगे जो हम दोनों देशों के लिए कारगर होगा क्योंकि हमारी भी अपनी चिंताएं हैं। यह कोई हमेशा चलने वाली प्रक्रिया नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमने ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल में भी चार साल तक बातचीत की। उनके पास हमारे बारे में अपना दृष्टिकोण है और स्पष्ट रूप से हमारे पास उनके बारे में अपना नजरिया है। हालांकि उस समय समझौता नहीं हो पाया।'' जयशंकर ने मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में यूरोपीय संघ के साथ भारत की बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''यदि आप यूरोपीय संघ को देखें, तो अक्सर लोग कहते हैं कि हम 23 साल से इस समझौते पर बात कर रहे हैं। यह पूरी तरह सच नहीं है, क्योंकि लंबे समय तक इस बारे में कोई किसी से बात भी नहीं कर रहा था। लेकिन वे बहुत लंबी प्रक्रियाएं रही हैं।'' जयशंकर ने कहा, ''इस बार, हम निश्चित रूप से काफी तत्पर हैं। मेरा मतलब है, हमें यहां अवसर दिख रहा है। हमारी व्यापार वार्ता से जुड़ी टीम वास्तव में उत्साहित है, वे जो हासिल करना चाहते हैं, उसको लेकर काफी महत्वकांक्षी हैं।'

## भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को 90 दिन में दिया जा सकता हैं अंतिम रूप: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को 90 दिन में अंतिम रूप दिया जा सकता है। हालांकि दोनों देशों के लिए इसके फायदेमंद होने पर ही समझौता होगा। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह कहा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाए 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को 90 दिनों के लिए टालने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों ने समझौते के लिए बातचीत शुरू करने के लिए पहले ही नियम एवं शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा, समझौते के शुरुआती बिंदुओं को अंतिम रूप देने के लिए बहुत संभावनाएं हैं। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के स्वरूप और आकार को अंतिम रूप देने के लिए काफी संभावनाएं हैं। अधिकारी ने कहा कि 90 दिन में सब कुछ संभव है अगर यह दोनों पक्षों के लिए 'फायदेमंद' है। भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। दोनों पक्षों ने इस वर्ष सितंबर–अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। दोनों का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का है। अधिकारी ने कहा, इस पर काम शुरू हो गया है। भारत एक व्यापार समझौते पर बातचीत करने में अन्य देशों से बहुत आगे है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका से लगातार संपर्क में है। इस दौरान बहुत सारी बातचीत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होंगी जबकि कुछ यात्राएं भी हो सकती हैं। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की। लेकिन नौ अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने इस साल नौ जुलाई तक यानी 90 दिनों के लिए इनके निलंबन का फैसला किया। हालांकि, भारत पर 10 प्रतिशत मूल शुल्क जारी रहेगा। इस बीच, दिन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत प्रस्तावित समझौते पर लगातार अमेरिका के संपर्क में है और सरकार देश व जनता के हितों की रक्षा करेगी क्योंकि जल्दबाजी में कोई भी कदम उठाना कभी भी उचित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं 'भारत प्रथम' की भावना के साथ अच्छी तरह आगे बढ़ रही हैं और 'विकसित भारत 2047' का मार्ग सुनिश्चित कर रही हैं।

## विकसित भारत सिर्फ प्रधानमंत्री का सपना नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य: मांडविया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण, सिर्फ प्रधानमंत्री का सपना नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य है। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के दूसरे स्नातक समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने इस बदलाव में डॉक्टरों की केंद्रीय भूमिका का जिक्र किया और कहा कि हर परामर्श और बचाया गया हर जीवन राष्ट्रीय उत्पादकता और प्रगति में योगदान देता है। शुक्रवार को कुल 447 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की। मांडविया ने नए डॉक्टरों से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में सेवा करने, जमीनी हकीकत को समझने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवा सुलभ, सस्ती और नैतिक बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि एक स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ समाज और इस प्रकार एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि डॉक्टर 'फिट इंडिया' आंदोलन के पथप्रदर्शक हैं, जो लोगों में स्वास्थ्य, निवारक देखभाल और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 4204 अंक 014, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in